हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक—188 : जौनपुर, शुक्रवार 29 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी जी को फिर चुनें : हम यूपी को नंबर एक राज्य बना देंगे—अमित शाह

लखनऊ ब्यूरो : गृहमंत्री अमित शाह का लखनऊ पहुंचने पर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्वतंत्र देव सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, राधमोहन सिंह, केशव मौर्य, दिनेश शर्मा, अनुराग ठाकुर ने भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को लखनऊ में विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनावी अभियान का आगाज किया। वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो मैदान में शाह ने अवध क्षेत्र के शक्ति प्रभारियों और संयोजकों को बूथ जीत का मंत्र भी दिया। साथ ही प्रदेश में भाजपा के चार करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को लगभग आधे घंटे तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षियों पर भी करारे हमले किए और कई सवाल भी पूछे। उन्होंने बताया कि कैसे भाजपा ने पांच साल में प्रदेश की स्थिति को सुधारने का काम किया। अमित शाह के संबोधन की खास बातें आज मैं यहां भाजपा की सदस्यता कार्यक्रम की शुरुआत कराने आया हूं। आज मैं यहां आया हूं तो आपको जरूर स्मरण कराना चाहूंगा कि यह बाबा विश्वनाथ और भगवान राम, कृष्ण, भगवान बुद्ध, महाराजा सुहेलदेव और कबीर की भूमि है। भाजपा ने यूपी को उसकी पहचान दिलाने का काम किया है। भाजपा ने यूपी को बहुत आगे ले जाने का काम किया है। भाजपा ने पहली बार सिद्ध किया है कि सरकारें परिवारों के लिए नहीं गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए होती हैं। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को अपनी पहचान वापस दिलाने का कार्य किया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को देश का सबसे प्रमुख राज्य बनने की दिशा में बहुत आगे ले जाने का कार्य किया है। अखिलेश जी ये हिसाब उत्तर प्रदेश की जनता को दीजिए कि पिछले 5 साल में आप विदेश कितने दिन रहे? बीते दिनों कोरोना आया, यूपी में बाढ़ आई, आप कहां थे? इसका हिसाब दे दीजिए। इन लोगों ने शासन स्वयं के लिए, परिवार के लिए और अपनी जाति के लिए किया है, इसके अलावा किसी के लिए शासन नहीं किया। दोस्तों आप दिवाली के दिन 'मेरा परिवार भाजपा परिवार' के तोरण से अपने द्वार को सजाइए और भाजपा को अपना समर्थन दीजिए। आज किसी की हिम्मत नहीं है पलायन कराने की। पहले हर जिले में दो—तीन बाहुबली थे लेकिन आज दूरबीन लेकर भी देखता हूं तो कोई बाहुबली नजर नहीं आता। आज 16 साल की बच्ची भी गहने लादकर रात 12 बजे भी स्कूटी पर निकल सकती है।

मोदी जी ने प्रदेश के हर घर में बिजली पहुंचाई। हमने 11 करोड़ घरों में गैस पहुंचाया, जिसे पहले लोग मजाक समझते थे। 10 करोड़ लोगों को घर देने का लक्ष्य रखा है जो जल्द पूरा होगा। दोस्तों हम 2022 में फिर से 300 से ज्यादा सीटें लाएंगे। आप लोगों ने 2019 में दोबारा और 2017 में भाजपा की सरकार बनवाई। मोदी जी अगर पूर्ण बहुमत के साथ दो बार जीते हैं तो उसका पूरा श्रेय यूपी की महान जनता को जाता है। दिल्ली का रास्ता लखनऊ से ही होकर जाता है। आपने दोबारा दो—तिहाई बहुमत से जिताया तो मोदी जी ने मंदिर का




शिलान्यास कर दिया और देखते ही देखते मंदिर बन जाएगा। अखिलेश एंड कंपनी तो पांच हजार रुपये देने से भी चूक गए और कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे। हमारा वादा रहता था कि कश्मीर से धारा 370 हटाएंगे, हम हर बार इसे अपने चुनावी वादे में रखते थे। जब हमारी सरकार बनी तो हमने इसे हटा दिया। भाजपा जो कहती है वो करती है। 2017 में जब यूपी हमें मिला था तो इसकी अर्थव्यवस्था सातवें नंबर पर थी लेकिन अब ये दूसरे नंबर है। ईज ऑफ डूइंग में 14वां स्थान था और अब दूसरे स्थान पर यूपी है। बेरोजगारी आप 18 प्रतिशत छोड़ गए थे अब 4 प्रतिशत है। 2022 से पहले यूपी में 40 मेडिकल कॉलेज होंगे। पहले धान की खरीद पर 17 हजार करोड़ भुगतान होता था अब 38 हजार करोड़ होता है। हवाई अड्डे चार थे अब नौ बन गए हैं। एक्सप्रेसवे भी बने। कोरोना में यूपी को जिस प्रकार से योगी जी ने प्रबंधन किया, उन्होंने ढेर सारी मौतों को रोकने का काम किया योगी जी ने। सबसे ज्यादा अस्पताल यूपी में बने, 400 ऑक्सीजन प्लांट लगने वाले हैं 193 लग चुके हैं। यूपी में अपराध के क्षेत्र में भयंकर सुधार किया योगी जी ने। एक लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई। इसमें कोई भ्रष्टाचार भी नहीं है। 8 नए विवि, 77 कॉलेज, 250 इंटर कॉलेज बने। नई पीढ़ी तैयार करने की व्यवस्था योगी जी ने की। आपने सपा, बसपा और भाजपा का भी शासन देखा। सपा बसपा पारीवारिक पार्टियां हैं, सिर्फ भाजपा ही यूपी के 22 करोड़ लोगों का सम विकास करने का माद्दा रखती है। पिछली पार्टियां इतना गड्ढा छोड़ गए कि किसी के बस की नहीं थी इन्हें भरना लेकिन भाजपा ने दिखाया कि ये कैसे होता है। अभी यूपी में बहुत कुछ करना बाकी है। हम फिर से घोषणापत्र लेकर आएंगे और उसे शत—प्रतिशत 2027 में करके दिखाएंगे। मैं कहने आया हूं कि आप एक बार फिर 2022 में भाजपा को 300 के पार करा दीजिए यूपी को नंबर एक पर लाकर दिखाएंगे। प्रधानमंत्री तो यूपी की जनता को मां के जैसे बच्चे को जो चाहिए वो यूपी की जनता को देंगे। मोदी जी को 2024 में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाना है तो योगी जी को 2022 में एक बार फिर लाना है। अमित शाह ने आखिरी में कहा कि मोदी जी को लाने के लिए योगी जी को एक बार फिर 300 से ज्यादा सीटें देकर लाना है और फिर हम आपको यूपी को नंबर एक राज्य बनाकर देंगे। सीएम योगी ने कहा। भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारी और संयोजक सम्मेलन का आगाज करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा वो किया। अयोध्या विवाद का भी निपटारा हुआ। भाजपा का एक—एक कार्यकर्ता लगा और मेहनत की तो दूसरी बार केंद्र में आई और 2017 में यूपी में आई।अवध प्रांत हमारे लिए हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भगवान राम का जन्मस्थान अयोध्या भी यहीं आता है। आज जब गृहमंत्री का आगमन यहां हुआ है तो यहां के लोग बहुत भाग्यशाली हैं। पूरी दुनिया अयोध्या के दीपोत्सव के कार्यक्रम को देखेगी, इससे पहले वहां एक संपर्क कार्यकर्म भी होगा।

## एक बार फिर घाट की सीढ़ियां चढ़ने लगी गंगा : नाविकों के माथे पर चिंता की लकीरें

वाराणसी ब्यूरो : पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश का असर अब मैदानी क्षेत्र में नजर आने लगा है। बनारस में गंगा अब घाटों की सीढ़ियां चढ़ने लगी हैं। बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे तक जलस्तर में 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि जारी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, गंगा का जलस्तर 64.46 मीटर है। चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा अभी चेतावनी बिंदु से छह मीटर नीचे बह रही है। उत्तराखंड के ज्यादातर इलाकों में बारिश हो रही है। जगह—जगह भूस्खलन से भी नदियों में पानी अचानक पहुंचने से बढ़ाव है। तटवर्ती इलाकों में रहने वाले और नाविकों के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रहीं हैं। नाविक इस बात से चिंतित हैं कि यदि गंगा का जलस्तर ऐसे ही बढ़ता रहा तो आने वाले त्योहारों में नौका संचालन पर भीड़ को देख जिला प्रशासन इस पर रोक लगा सकता है। वहीं, प्रयागराज में पानी बढ़ने से यहां भी जलस्तर बढ़ रहा है।जल पुलिस, एनडीआरएफ ने शुरू की पेट्रोलिंग। अचानक पानी बढ़ने से गंगा में एक बार फिर जल पुलिस, पीएसी और एनडीआरएफ ने पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। 84 दिनों बाद शुक्रवार को गंगा की संध्या आरती एक बार फिर अपने पूरे स्वरूप और नियत स्थान पर आई थी। मंगलवार को एक बार फिर आरती का स्थान बदलना पड़ा। बृहस्पतिवार सुबह गंगा सेवा निधि के कार्यालय तक एक बार फिर पानी पहुंच चुका है। आयोजकों ने एक बार फिर कार्यालय को खाली करना शुरू कर दिया है।

## उपजाऊ भूमि के दुश्मन बन रहे भठ्ठा संचालक : खजनी थाना क्षेत्र के सतुआभार परिक्षेत्र में 56 भठ्ठा

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : उत्तर प्रदेश सरकार जहाँ उपजाऊ भूमि को बढ़ावा दे रही है ,तो वही भठ्ठा संचालक सहित खनन माफिया अपनी आवश्यकता पूर्ति करने हेतु समतल भू भाग को गढ़ढो में तब्दील कर रहे है । उपजाऊ भूमि को ऊसर में तब्दील कर तमाशीन बने है । आवादी क्षेत्री को कुंड ब बनाने कोई कसर नही छोड़ रहे है। गोरखपुर जनपद के खजनी क्षेत्र के भू खनन से गांव की आबादी ही नही उपजाऊ भूमि ऊसर में तब्दील हो चुका है । खनन माफिया पैसे की लालच देते हुए कमजोड किसानों को अपने अवगर मे लेकर उनकी भूमि अधिग्रहण कर उपजाऊ भूमि को बंजर बना दे रहे है । हद तो होती जब कुछ भठ्ठा संचालक अपने भठ्ठे की आवश्यकता पूर्ति के लिए भविष्य की ब्यवस्था आज ही कर ले रहे है । गांव के आवादी क्षेत्र सेंध लगाकर गांव को मरुंड बना कर मिट्टी का ढेर भट्ठों पर लगा रहे है । सर्वाधिक भट्ठोंपर मिट्टी का टीला उनके भठ्ठे की शोभा बढ़ा रही है । इसी कम्पटीशन में खनन माफिया अपनी रोटी सेंक रहे है । गांव में कमजोड किसानों को एडवांस रकम दे कर उनको तोड़ने का कार्य करते है , उनके बुरे लत को कमजोड़ी बनाते हुए उनके उपजाऊ भूमि पर निगाह बनाये बैठे है । और अपने मकसद पर कामयाब हो रहे है । जिसका नतीजा आने वाला समय के गांवों में जल दिखेगा हरियाली गायब होगी। आपकी बताते चले उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री का शहर गोरखपुर जनपद का खजनी तहसील क्षेत्र है जहां भट्ठों के भरमार से उपजाउ भूमि ऊसर बनती जा रही



है । जनपद के खजनी क्षेत्र सतुआभार परिक्षेत्र की हजारो एकड़ भूमि भट्ठों व अवैध खन्नन के कहर का खामियाजा भुगत रहा है । नतीजा! दोनों फसनो में अन्न रूपी सोना उगलने वाली धरती सतुआभार परिक्षेत्र की उलजाउ भूमि अपने हालत पर आंसू बहा रहा है । डोडो , नैपुरा सतुआभार , बिहारीबुंउर्ग , शहीदाबाद बसिया खोर रावतडॉण्डी, मझगांवा कटघर ,बिगहीं, महिलवार, सेमरडांडी , अशापार, बरपार बरगाह, रामपुरवा ,मथौली ,टिकरिया आदि दर्जनों गांव की उपजाऊ भूमि मेरुण्ड में तब्दील है या फिर ऊसर हो चुकी है । वहीं ग्राम सभा डोडो का भू भाग मेरुण्ड है , हरिजन बस्ती 40 फिट गहराई के टीले पर रुकी है । खनन माफियाओं के भूख ने गांव के बस्तियों को भी 30 फिट खाई में तब्दील कर दिया । मानक के विपरीत खनन कर उपजाऊ भूमि को ऊसर बना दिया।

## बेटी केवल एक परिवार का दीपक नहीं होती वह दो परिवार का नाम रोशन करती हैं —उर्वशी सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के अंतर्गत सावित्री कान्वेंट स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव के निर्देशन मे और उर्वशी सिंह के अध्यक्षता में पूनम श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बहुत ही सुन्दर सुन्दर चित्रण करके देश को एक संदेश दिया, और प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी के बच्चों को पुरस्कृत करके बाकी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया! बच्चों के पोस्टर और प्रतिभा देखकर बेटी बचाओ बेटी पढाओ की संयोजक उर्वशी सिंह ने कहा कि आज देश के सामने विकट समस्या हैं लड़कियों का अनुपात लड़को की अपेक्षा कम होता जा रहा हैं द्य माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे देशव्यापी स्तर पर शुरू किया हैं इस योजना का नाम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ किया गया हैं क्यूंकि केवल बेटी को जन्म देना ही पर्याप्त नहीं उसे इस दुनियां मैं जीने के लिए काबिल बनाना भी माता पिता का कर्तव्य हैं अगर बेटी पढ़ी लिखी होगी तो दो परिवार को संस्कारित बना सकेगी द्य बेटी केवल एक परिवार का दीपक नहीं होती वह दो परिवार का नाम रोशन करती हैं द्य बेटियों को कम आंकने वाले जरा अपनी माँ की तरफ देखो यह वही हैं जिसने तुम जैसो को जन्म देकर इतना बड़ा बनाया और आज तुम्ही उसके अस्तित्व को मिटाने चले हो द्यकन्याभ्रूणहत्या एक बड़ा घिनौना अपराध हैं यह करके मनुष्य आज और कल दोनों को अंधकारमाय बना रहा हैं द्यबेटी बचाओ बेटो पढाओं एक ऐसी योजना हैं जिसके जरिये देश के बेटियों की स्थिती मजबूत




होगी द्य बेटा दृ बेटी के बीच का भेद मिटेगा द्यऔर मनुष्य जाति को आभास होगा कि एक बेटी में भी वही गुण हैं जो बेटे में हैं द्य फर्क परवरिश एवम दृष्टिकोण का हैं , अतः बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना का सहयोग करे और बेटी के अनुपात को बढायें द्यकार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम अस्थाना जी ने कहा कि बेटियाँ कल का भविष्य है, वही सह संयोजक श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के अंदर के कला को देखकर लगता है कि आज बेटियाँ किसी से कम नहीं है बस उन्हें एक मार्गदर्शन की जरूरत है जो इस विद्यालय मे बहुत ही अच्छे ढंग से दिया जा रहा है ,! प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अनिरुद्ध प्रताप, दिशा पांडे प्राची नारायण पलक पांडे अक्षरा सिंह साक्षी यादव तनु आरोही अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप बेटी बचाओ टीम की साधना सिंह के साथ विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे जिसमें श्रीमती ज्योत्सना सिंह श्रीमती उषा दुबे श्रीमती प्रिया सिंह श्रीमती दीपा यादव मिस प्रगति सिंह उपस्थित रहे।

## दो नवंबर से दिल्ली से पूर्वांचल के लिए चलेंगी तीन हजार बसें : साधारण व एसी दोनों तरह की बसें शामिल

लखनऊ ब्यूरो : परिवहन निगम दिवाली से छठ पूजा तक स्पेशल साधारण व एसी बसें चलाएगा। दस दिनों तक चलने वाली इन विशेष बसों की शुरुआत दो नवंबर से होगी। दिल्ली से पूर्वांचल के लिए 3000 विशेष बसों का संचालन होगा। ये बसें वाया लखनऊ और कानपुर होते हुए पूर्वांचल के जिलों को जाएंगी। इन बसों के बेहतर संचालन के लिए प्रबंध निदेशक नवदीप रिणवा ने सभी क्षेत्रीय व सेवा प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं। 11 नवंबर तक चलने वाली इन बसों के लिए चालकों—परिचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि पर्याप्त यात्री होने पर इन्हें गंतव्य के लिए सीधे चलाया जाए। रूट पर सवारी होने पर उन्हें भी बैठाएं। ऐसा न करने वाले चालकों—परिचालकों पर कार्रवाई होगी। बस स्टेशनों पर यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, स्वच्छता और सूचना प्रसारण की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधकों को 10—10 हजार रुपये दिए गए हैं। अधिकारियों—कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। चालकों—परिचालकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि। दिवाली से छठ पूजा के दस दिन में जो चालक—परिचालक नौ दिन ड्यूटी करेंगे उन्हें प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। संविदा चालक व परिचालक 350 रुपये प्रतिदिन के रेट से अधिकतम 3150 रुपये का प्रोत्साहन पाएंगे। जबकि ग्रामीण रूट के संविदा चालकों व परिचालकों को 400 रुपये प्रतिदिन के रेट से अधिकतम 4000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। जो संविदा चालक व परिचालक तय किमी से अधिक किमी अर्जित करेंगे तो उनको एक हजार रुपये एकमुश्त दिए जाएंगे।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई—पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें—**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

—संपादक

## दर दर भटक रहा है वृद्ध



गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारःबांसगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसूरिया निवासी गुलाब ने बताया कि इस उम्र में दर दर भटक रहा है। बताते चलें कि उससे पेड़ तो जबरदस्ती लोगों ने काट लिया है जिसकी सूचना बांसगांव थाने को दी गई है तुरंत अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से वह परेशान है।

## सोनौली बॉर्डरः एक करोड़ 18 लाख रुपये की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : भारत से नेपाल मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी करने के आरोप में एक नेपाली नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 118 ग्राम हेरोइन बरामद किए जाने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार की दोपहर को भारत से नेपाल जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को सोनौली के काली मंदिर के पास जांच के दौरान पुलिस ने एक नेपाली नागरिक के पास से 118 ग्राम हेरोइन बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक का नाम भेस बहादुर थापा निवासी सूर्यपुरा रूपंदेही नेपाल बताया गया है। सोनौली पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## छात्र—छात्राओं ने लोगों को वोटर बनाने व मतदाताओं को साक्षर करने का लिया संकल्प

जौनपुर सू.वि. : निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत, निर्वाचन साक्षरता क्लब सर्वोदय इन्टर कालेज खुदौली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र—छात्राओं ने लोगों को वोटर बनाने हेतु प्रेरित करने व मतदाताओं को साक्षर करने का संकल्प लिया। महिलाओं की मतदान साक्षरता पर विशेष बल दिया गया। इस



अवसर पर कालेज परिसर में निर्वाचन कक्ष का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक रमेशचन्द्र यादव, प्रधानाचार्य डा अनिल उपाध्याय व विशिष्ठ अतिथि जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने फीता काट कर किया। इस निर्वाचन कक्ष में निर्वाचन से सम्बंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता है तथा विद्यालय में नामांकित बच्चे अपने परिवार के लोगों को वोटर बनने हेतु आवेदन दे सकते हैं। इस दौरान छात्र, छात्राओं ने भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों को वोटर बनने व मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य डा अनिल उपाध्याय ने स्वागत करते हुए कहा कि मतदाता जितना अधिक मतदान के प्रति जागरूक होंगे, लोकतंत्र मजबूत होगा। इस अवसर पर सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश चंद्र यादव ने कहा कि ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम अपने मत का प्रयोग कर अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं, जो आने वाले समय में हमारा और हमारे देश—प्रदेश का विकास कर सके। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने सहित अपने परिवार को वोटर अवश्य बनवाये। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि बताया कि हमारा लक्ष्य सभी पात्र मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में रजिस्टर करना है और मतदाता शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य मतदाताओं को शिक्षित करना और नीतिपरक बनाना और उनकी भागीदारी में वृद्धि करना है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां उपस्थित सभी लोगों व छात्र, छात्राओं की जिम्मेदारी है कि वे एक नवम्बर से शुरू हो रहें मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु जन जागरूकता अभियान चलाकर सभी पात्र लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाएं। विशेषकर, युवा, महिलाओं, दिव्यांग को वोटर बनने हेतु जागरूक करें। भाषण प्रतियोगिता में अनामिका बिंद, प्रथम, रोहित प्रजापति द्वितीय, दिशा यादव तृतीय व पोस्टर प्रतियोगिता में अभिषेक बरनवाल प्रथम, अनामिका बिंद द्वितीय व वर्णिता सिंह तृतीय स्थान पर रहे। संचालन दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राजेश कुमार यादव, विनोद कुमार मिश्रा, रेखा यादव, मुकेश पाठक, अजय कुमार, सहित सैकड़ों छात्र, छात्राएं उपस्थित रही।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

—सुविचार—
*नीयत साफ रखें, नियति पूरा साथ देगी—*
—साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अर्थजगत में स्वतंत्र भारत की यात्रा

भारत की अर्थव्यवस्था को 1947 से आज तक बड़ी सफलताएं जरूर मिलीं, लेकिन बड़ी गलतियों के बाद। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 1991 में शुरू हुई आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया थी, जिसने अगले 30 वर्षों तक अर्थजगत में आए बड़े उछाल की नींव रखी। 1991 में आर्थिक सुधार इसलिए नहीं लागू किए गए थे, क्योंकि वे उस समय सरकार की सुधारवादी सोच के प्रतीक थे, बल्कि वे इसलिए आए, क्योंकि उस समय देश दिवालिया होने के कगार पर था और कुछ माह तक चली चंद्रशेखर सरकार को विदेशी बैंकों से कर्ज लेने के लिए देश का सोना गिरवी रखना पड़ा था।

लेकिन हमें उससे पहले भारत को मिली अन्य बड़ी सफलताओं की चर्चा करनी चाहिए। पहली हरित क्रांति थी और दूसरी श्वेत क्रांति। पहली 1960 के दशक में शुरू हुई और दूसरी उसके काफी साल बाद और उसे सफल होने में भी काफी अधिक समय लगा। काफी समय तक अमेरिका द्वारा दान किए गए खाद्यान्न पर निर्भर रहने के बाद साठ के दशक में हमने हाइब्रिड बीजों और खाद का प्रयोग करने के साथ ही आधुनिक खेती की तकनीक भी अपनाई।

इससे हरियाणा और पंजाब में हरित क्रांति आई। भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना। दूसरी बड़ी सफलता दुग्ध उत्पादन में आई, जिसमें हम जरूरत से कम दुग्ध उत्पादन करने वाले देश से दुग्ध प्रचुरता वाला देश बन गए। इस क्षेत्र में सहकारी डेयरी को बढ़ावा देकर लगभग सभी प्रदेशों ने अमूल का मॉडल अपनाया और आज पूरी दुनिया का 22 प्रतिशत दूध हम पैदा कर रहे हैं।

लेकिन 1991 में देश के खाली हुए खजाने ने उन उदार नीतियों की बाढ़ ला दी, जिनसे हमें अगले कई वर्षों में बड़ी सफलताएं मिलीं। विदेशी मुद्रा की कमी की वजह से भारत को न सिर्फ लाइसेंस परमिट राज खत्म करना पड़ा, बल्कि ऐसी नीतियां बनीं, जिनसे सॉफ्टवेयर और फार्मास्यूटिकल जैसे निर्यातोन्मुखी उद्योगों को 10 वर्षों के लिए बड़े टैक्स लाभ दिए गए। इन्हीं नीतियों की वजह से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और विप्रो जैसी दुनिया की महानतम कंपनियां बनीं। इनमें से टीसीएस और इंफोसिस की कीमत तो आज 100 अरब डॉलर से भी अधिक है।

आज हम जेनेरिक दवाइयों और वैक्सीन के दुनिया के सबसे बड़े निर्माता हैं। जेनेरिक दवाइयां बनाने वाली दुनिया की पांच में से दो सबसे बड़ी कंपनियां भारतीय हैं और भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन निर्माता बन गया है। आज यदि हम कोविड–19 पर ठीक से काबू पा सके हैं, तो उसकी यही वजह है। पहला बड़ा निजी बैंक भी 1991 के बाद लॉन्च किया गया और आज इनमें से कई दुनिया के सबसे कीमती बैंकों में शुमार हैं। अगले एक दशक में लगभग सभी बैंक पूरी तरह डिजिटल हो जाएंगे और पेटीएम एयरटेल और इनके जैसे दूसरे डिजिटल बैंक को काफी उछाल मिलेगा।

1991 में आए आर्थिक सुधारों ने देश में टेलीकॉम क्रांति को जन्म दिया, लेकिन नीलामी के दौरान लगाई गई ऊंची बोली की वजह से उपभोक्ता को महंगी सेवाएं मिलीं और कंपनियों की विकास दर भी कम रही। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में इस मामले को भी हल कर लिया गया और उसके बाद ही देश में टेलीफोन क्रांति आ पाई। आज हमारे देश में 118 करोड़ मोबाइल कनेक्शन हैं और शहरों में प्रति व्यक्ति 1.3 टेलीफोन कनेक्शन हैं। आज विकास की ज्यादा संभावना ग्रामीण क्षेत्रों में है, जहां टेली घनत्व अब भी एक से कम है।

लेकिन वह क्षेत्र, जहां चीन के बाद भारत बहुत लंबी छलांग लगा रहा है, वह है डिजिटाइजेशन। विमुद्रीकरण यानी डिमॉनेटाइजेशन के बाद व्यापार का औपचारिकरण करने का दबाव बढ़ गया है और भारत के पास आज दुनिया का सबसे प्रगतिशील डिजिटल वित्तीय आर्किटेक्चर है। पिछले वर्ष जब अमेरिका कोविड–19 से लोगों को हुए आर्थिक नुकसान से पार पाने के लिए अपने नागरिकों को चेक भेज रहा था, तो भारत ने करोड़ों महिलाओं को केवल एक बटन दबाकर 500 रुपये महीना उनके जनधन खातों में डिजिटल ट्रांसफर के जरिये पहुंचा दिए।

तीन और बड़ी उपलब्धियां–जिनमें से दो वाजपेयी के जमाने की और एक मनमोहन सिंह के शासन काल की हैं। ये हैं–हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर बड़ा निवेश–दोनों ही वाजपेयी के समय शुरू हुए और तीसरा है गरीबी में तेजी से आई कमी, जो यूपीए के समय शुरू हुआ। यूपीए के शासनकाल के दौरान विकास में आई तेजी सड़क परिवहन की सुदृढ़ संरचना के बिना संभव नहीं होती। यूपीए के 10 वर्षों के शासनकाल में 27.1 करोड़ भारतीय गरीबी की रेखा से ऊपर आ गए। भारत के इतिहास में गरीबी इतनी तेजी से कभी नहीं घटी।

इनके साथ सरकारी क्षेत्र में भी कुछ बड़ी उपलब्धियां हासिल की गईं, जिनका जिक्र अभी तक अधिक नहीं हुआ। इंदिरा गांधी के दूसरे शासनकाल में शुरू हुई कुद्रेमुख लौह अयस्क परियोजना से शुरू कर भारत ने बड़ी परियोजनाओं को तय कीमत और तय समय–सीमा में ही पूरा करना सीख लिया। इनमें कोंकण रेलवे और दिल्ली मेट्रो को गिना जा सकता है।

1991 के बाद तीन और बड़े परिवर्तन आए–शेयरों का डिमैटेरियलाइजेशन या अमूर्तिकरण, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना और शेयर मार्केट के नियामक सेबी का गठन। इनकी वजह से भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली शेयर मार्केट बन गया। कोविड और डिजिटाइजेशन ने भी परिदृश्य बदला। भारत में स्टार्ट अप कंपनियों के लिए इससे बेहतर माहौल नहीं हो सकता था, क्योंकि अब वर्क फ्रॉम होम और ऐप आधारित सेवाएं ही नए मानक बन गए हैं।

कुल मिलाकर, भारत ने कृषि से लेकर सेवा क्षेत्र तक बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उसने मैन्यूफैक्चरिंग के उस चरण को छोड़ दिया, जिसमें बहुत से दूसरे देश फंसे रहे। कुछ वर्षों बाद देखना होगा कि मोदी सरकार की 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने वाली प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाओं का कितना असर हुआ। अर्थव्यवस्था और औद्योगिकीकरण के मामले में भारत की कहानी अनोखी है, क्योंकि यह दुर्घटनाओं की वजह से बढ़ी है और इसमें पहले विफलताएं भी मिली हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी छात्रों को मिला एक और मौका

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध महाविद्यालय मे संचालित बीएड,एम.एड,बीपीएड, द्वितीय सेमेस्टर 2020–22 के संस्थागत एवं बीएड,एमएड,बी पी एड द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2019–21 के भूतपूर्व,कैरी फारवर्ड के छात्र छात्राओं की परीक्षा हेतु ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है यह परीक्षा फॉर्म अब 28 अक्टूबर से 7 नवंबर तक भरा जाएगा भरे गए परीक्षा फॉर्म का सत्यापन व संशोधन 8 व 9 नवंबर को किया जाएगा।यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने दिया।

## आगामी विधानसभा निर्वाचन से पूर्व निर्वाचक नामावलियों में सुधार हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान प्रारम्भ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 01.01. 2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावालियों के जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन दिनांक 01.11.2021 से 30. 11.2021 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। इसी अवधि में मा0 आयोग द्वारा दिनांक 07.11. 2021 (रविवार), दिनांक 13.11. 2021 (शनिवार), दिनांक 21.11. 2021 (रविवार) तथा 27.11.2021 (शनिवार) को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी हैं। इन विशेष की तिथियों में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने–अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को निःशुल्क निरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त फार्मों सहित पूर्वान्ह 10 बजे से 04 बजे तक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि उक्त विशेष अभियान की तिथियों में अपने नियत मतदेय स्थल पर पहुँचकर मतदाता सूची का निरीक्षण करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने हेतु फार्म–6, मतदाता सूची से नाम अपमार्जित किये जाने हेतु फार्म–7 एवं किसी प्रकार की अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध किये जाने हेतु फार्म–8 तथा उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरण हेतु फार्म–8ए भरकर जमा कर सकते हैं।

## 16 आईएएस की तैनाती आदेश में बदलाव : वीरेंद्र नए ग्राम्य विकास आयुक्त : अनुज निदेशक पंचायत बने

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार ने 16 आईएएस अधिकारियों की तैनाती आदेश में बदलाव किया है। अमेठी व मऊ के जिलाधिकारियों का तबादला रद करने के साथ ही प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारियों की तैनाती कर दी है। इनके अलावा कई अन्य अफसरों के तैनाती में फेरबदल किया गया है। शासन ने चार महीने से अधिक समय बाद ग्राम्य विकास आयुक्त के पद पर नियमित तैनाती कर दी है। यह पद के. रवींद्र नायक के तबादले की वजह से चार जून से ही खाली था। एमडी पीसीडीएफ वीरेंद्र कुमार सिंह नए ग्राम्य विकास आयुक्त बनाए गए हैं। प्रतीक्षारत अधिकारियों में अयोध्या के जिलाधिकारी पद से हटाए गए अनुज झा को निदेशक पंचायती राज बनाया गया है। यह पद किंजल सिंह के लंबी छुट्टी पर जाने के बाद से रिक्त था। जिलाधिकारी के पद से हटाकर प्रतीक्षारत किए गए अन्य आईएएस अधिकारियों में अभिषेक सिंह को विशेष सचिव व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उज्जवल कुमार को विशेष सचिव आईटी व एमडी यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन, आंद्रा वामसी को एमडी कौशल विकास मिशन, अरविंद चौरसिया को विशेष सचिव आवास व ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को विशेष सचिव लोक निर्माण बनाया गया है। अरुण, अमित, शेषमणि व समीर का तबादला निरस्त । शासन ने अमेठी के डीएम अरुण कुमार व मऊ के डीएम अमित सिंह बंसल का किया गया तबादला रद्द कर दिया है। दोनों अपने पदों पर बने रहेंगे। इसी तरह हथकरघा विभाग के विशेष सचिव शेषमणि पांडे को अमित के स्थान पर मऊ का डीएम बनाया गया था। शेषमणि का भी तबादला रद हो गया है। वह विशेष सचिव हथकरघा बने रहेंगे। पिछले दिनों विशेष सचिव वित्त समीर का तबादला विशेष सचिव नगर विकास के पथ पर किया गया था। समीर का भी तबादला रद्द हो गया है। वह वित्त विभाग के विशेष सचिव बने रहेंगे। आईएएस अधिकारियों के तबादले– वीरेंद्र कुमार सिंह एमडी पीसीडीएफ से ग्राम विकास आयुक्त, कुणाल सिक्कू मिशन निदेशक कौशल विकास से एमडी पीसीडीएफ, ऋषिरेंद्र कुमार विशेष सचिव आईटी से विशेष सचिव कृषि व निदेशक कृषि विपणन, प्रशांत वर्मा शर्मा विशेष सचिव वाह्य सहायतित से विशेष सचिव एमएसएमई, उज्जवल कुमार प्रतीक्षारत से विशेष सचिव आईटी व एमडी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन, अनुज झा प्रतीक्षारत से निदेशक पंचायती राज, अभिषेक सिंह प्रतीक्षारत से विशेष सचिव व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, आंद्रा वामसी प्रतीक्षारत से एमडी कौशल विकास मिशन ए. दिनेश कुमार प्रतीक्षारत से विशेष सचिव नगर विकास, अरविंद चौरसिया प्रतीक्षारत से विशेष सचिव आवास ज्ञानेश्वर त्रिपाठी प्रतीक्षारत से विशेष सचिव लोक निर्माण देवेंद्र पांडेय प्रतीक्षारत से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, समीर स्थानान्तरणाधीन विशेष सचिव वित्त से विशेष सचिव नगर विकास, विशेष सचिव वित्त यथावत, अरुण कुमार जिलाधिकारी अमेठी से जिलाधिकारी मऊ स्थानान्तरणाधीन, डीएम अमेठी यथावत, अमित कुमार बंसल जिलाधिकारी मऊ से प्रतीक्षारत, डीएम मऊ यथावत, शेषमणि पांडेय विशेष सचिव हथकरघा से डीएम अमेठी स्थानान्तरणाधीन, विशेष सचिव हथकरघा यथावत।

## आयातित कोयले के प्रयोग से 1.15 रुपये यूनिट बढ़ेगी बिजली लागत : निजी घरानों का फर्जीवाड़ा रोकने को सीएजी ऑडिट की मांग

लखनऊ ब्यूरो : बिजली अभियंताओं का कहना है कि ताप बिजलीघरों को 15 प्रतिशत आयातित कोयले के मिश्रण की अनुमति देने से बिजली उत्पादन की लागत में कम से कम 1.15 रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि होगी। इसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी दरों में बढ़ोतरी के रूप में पड़ेगा। अभियंताओं का कहना है कि आयातित कोयले को लेकर फर्जीवाड़ा रोकने के लिए निजी बिजली उत्पादन गृहों का सीएजी व एनर्जी ऑडिट कराया जाए, जिससे साफ हो सके कि वास्तव में कितने आयातित कोयले का मिश्रण किया गया है। इस बाबत ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह को पत्र भेजा है। एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने पत्र में विद्युत मंत्रालय की ओर से ताप बिजलीघरों को आयातित कोयले के इस्तेमाल की अनुमति दिए जाने पर चिंता जताते हुए कहा है कि दक्षिण अफ्रीका से आने वाले 5500 केलोरिफिक वैल्यू के आयातित कोयले की कीमत 22,205 रुपये प्रति टन है और इंडोनेशिया से आयातित 5000 केलोरिफिक वैल्यू के कोयले की कीमत 21,720 रुपये प्रति टन है। वहीं 4000 केलोरिफिक वैल्यू के भारतीय कोयले की कीमत 5150 रुपये प्रति टन है जो आयातित कोयले की कीमत के एक चौथाई से भी कम है। इससे साफ है कि आयातित कोयले की अनुमति देने से बिजली उत्पादन की लागत तो बढ़ेगी ही निजी घरानों को भारी फर्जीवाड़ा करने का मौका मिलेगा। क्योंकि वे सीएजी व एनर्जी ऑडिट के दायरे में नहीं आते हैं।



उल्लेखनीय है कि आयातित कोयले के नाम पर चल रहे कई निजी घरानों के फर्जीवाड़े की डीआरआई पहले ही जांच कर रहा है। फेडरेशन ने पत्र में गणना करके बताया है कि भारतीय कोयला प्रयोग करने पर एक यूनिट बिजली बनाने में लगभग 3.22 रुपये यूनिट कोयला खर्च आता है जबकि 15 प्रतिशत आयातित कोयला मिश्रित करने पर कोयले का खर्च बढ़कर 4.37 रुपये प्रति यूनिट आएगा। इस प्रकार प्रति यूनिट बिजली उत्पादन में कोयले की कीमत में ही कम से कम 1.15 रुपये की बढ़ोतरी हो जाएगी। पहले ही भारी वित्तीय संकट झेल रही बिजली वितरण कंपनियां इस मार से और अधिक बदहाली में चली जाएंगी। दुबे ने यह भी मांग की कि केवल आयातित कोयले से चलने वाले 17,000 मेगावाट के ताप बिजलीघरों को निर्देश दिए जाएं कि वे अपने बिजलीघरों को पूरी क्षमता पर चलाएं और कोयले से उत्पन्न बिजली संकट के दौर में अपने बिजलीघर बंद कर संकट और न बढ़ाएं।

## निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश डॉ संजय कुमार निषाद एमएलसी के पद पर लिया शपथ : कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार : निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश डॉक्टर संजय निषाद अयोध्या आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह–जगह स्वागत किया और स्वागत समारोह आयोजित किया उसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ निषाद ने बताया कि पिछली सरकारों में निषाद मछुआ समुदाय और छोटी जातियों को दबाया गया था जब से सत्ता में भाजपा और निषाद पार्टी गठबंधन की सरकार आई है तब से मछुआ समुदाय और छोटी जातियों को सम्मान और समान रूप स्थान मिला है डॉ निषाद ने बताया कि भाजपा और निषाद पार्टी की गठबंधन की आधिकारिक घोषणा के बाद निषाद पार्टी का विजय रथ आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 403 सीटों पर जाएगा और मछुआ बाहुली 160 सीटों पर निषाद पार्टी और भाजपा का झंडा लहराएगा डॉक्टर निषाद ने नाम न लेते हुए बताया कि विरोधी पार्टियों में निषाद पार्टी के



बढ़ते वर्चस्व को देखकर खलबली मच गई है और विरोधी निषाद समाज में पैसे बांट कर युवाओं को गुमराह करने का काम कर रहे हैं लेकिन पार्टी ज्ञान और सम्मान से चलता है ना कि पैसे से चारों तरफ समाज के लोगों में जो उत्साह देखने को मिल रहा है उससे मैं आश्वस्त हूं कि आगामी विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी इतिहास रचने का काम करेगी निषाद पार्टी मछुआ समाज की पार्टी है उनके आरक्षण हक अधिकार रोजी रोटी को हल करने का हमेशा प्रयास करती है।

# दीपावली मेला सबके जीवन में खुशी,सुख और समृद्धि लाए : रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा विधायक रजनी तिवारी ने कहा कि दीपावली मेला सबके जीवन में खुशी सुख और समृद्धि लाए। विधायक नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित भव्य दीपावली मेला में आए हुए नागरिकों को संबोधित कर रहीं थीं।विधायक ने कहा कि बीजेपी ने इसी साल रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ का गठन किया है। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से भी पार्टी संपर्क कर रही है। सन 2014 में जो मोदी सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्ज ऐक्ट पारित किया। इससे भी पटरी दुकानदारों को लाभ मिला है। 'हमारा मंत्र ही है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और....सबका प्रयास। इन पटरी दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों का प्रयास भी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है।और सबके प्रयास से इनको रोजगार मिले, ये भी हम चाहते हैं।हमारी सरकार इनको उचित स्थान देने की कोशिश कर रहे हैं। विधायक रजनी तिवारी ने बताया कि दीपावली पर ऐसा मेला कभी नहीं लगा।मुख्यमंत्री ने यह अवसर उपलब्ध कराया।जब दीपावली को एक सप्ताह तक उत्सव के रूप मे मनाएंगे।अयोध्या के साथ साथ पूरे प्रदेश में प्रकाश पर्व मानकर सभी के चहरों पर हंसी,खुशी लायेंगे।उनका कहना था कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने हमारी परिकल्पनाओं को साकार किया।अयोध्या राम मंदिर निर्माण उन्हीं के प्रयासों से हो रहा है।विधायक ने बताया कि सरकार की अनेक योजनाएं जनता को लाभान्वित कर रही हैं।पी एम आवास योजना, मुफ्त बिजली कनेक्शन योजना,शौचालय सुविधा,स्वच्छता अभियान एवं रेहड़ी पटरी दुकानदारों को रोजगार समेत अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं जनता को लाभान्वित कर रहीं हैं।उन्होंने कहा कि हम भगवान राम को मानने वाले लोग हैं।उनके आदर्शों पर चलकर आगे बढ़ रहे हैं।इस दीपावली मेला में बताया जाएगा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे मिले?अंत में उन्होंने सभी के सुखमय ,आनंदित जीवन की कामना करते हुए



दीपावली की बधाई दी। अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने दीपावली मेला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कमजोर वर्ग के उत्थान पर जोर दिया। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय मिश्र, ग्रा प ए अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना,पूर्व प्रधानाचार्य राधेश्याम दीक्षित आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दीपावली मेला का उद्घाटन विधायक रजनी तिवारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज की बालिकाएं दिव्या पांडेय,गायत्री, दिव्या, कहकशां, अलीशा, नाहीद, दीप्ति शर्मा, आदि ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, कोमल शुक्ला, आराध्या शुक्ला, हिमांशी, शिवांशी आदि ने भाव नृत्य प्रस्तुत किए।उर्दू शिक्षिका नायाब जहां ने गजल सुनकर सबका मन मोह लिया।हिंदी शिक्षक मनोज त्रिपाठी के संचालन में दीपावली मेला कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन प्र लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने की।इस दीपावली मेला में विद्युत उप खंड अधिकारी रंधीर कुमार, तहसीलदार रामवीर,खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह,कर निरीक्षक अनस खां, लेखा लिपिक असद खां, प्रधानाचार्या नूरुल हुमा, शशि शुक्ला, नाजिया, श्रुति समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम के तमाम छात्र छात्राओं ने भाग लिया।जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में सभासद यदुवीर सिंह, पवन रस्तोगी,अमित मिश्र, भगवान दीन,देवेंद्र प्रताप गुप्ता,राम चंद्र गुप्ता,विनोद राठौर, संजय तिवारी समेत अनेक सभासद एवं रामलीला मेला समिति के महामंत्री मधुप मिश्र,ऋषि मिश्र,मिथलेश अग्निहोत्री,भाजपा नेता गोपाल त्रिपाठी,सुभाष सिंह,सौरभ लाहौरी,हकीम सिंह समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता,व्यापार मंडल अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता के अलावा अनेक दुकानदार दुकान सजाए हुए थे।नगर पालिका परिषद के स्वच्छता मिशन,पेयजल मिशन, प्राथमिक शिक्षा की लाइब्रेरी,सी एच सी के स्टाल कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे।बच्चों के लिए मिक्की माउस आकर्षण एवं खेल का केन्द्र रहा।

## मेगा ट्रेड फेयर के ऑर्गेनाइजर राजेश सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार आर एल पाण्डेय को किया सम्मानित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर लखनऊ की तिथियां 22 से 31 अक्टूबर, 2021 स्थान मोती महल लॉन, लखनऊ समयः सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आयोजन समिति की समर्पित और बेहद सक्षम टीम ने अब लखनऊ में दूसरी बार इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन किया है। यह भारत में एक प्रमुख प्रदर्शनी है। बंगाल चौंबर और जीएस मार्केटिंग दोनों ने इस मेले का आयोजन द प्लानर्स के सहयोग से किया है, खासकर लखनऊ के नागरिकों के लिए। जब यह आप पर निर्भर है कि नागरिक इस मेले में आए और इसे देखें और इसे एक बड़ी सफलता बनाएं यह प्रदर्शनी जी एस मार्केटिंग एसोसिएट्स की 230वीं प्रदर्शनी है। विविध उत्पादों के प्रदर्शन का आनंद लें. भारत और विदेशों की विभिन्न कंपनियों के साथ व्यापार सौदे करें और इस अनूठे मेले का पूरा अनुभव ले। हमें यकीन है कि आप लंबे समय तक इस आयोजन में अपनी यात्रा का संजनि के लिए बाध्य होंगे। लॉकडाउन और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक मंदी के बाद भारत अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा है। दूसरे आईआईएमटीएफ का आयोजन इस आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ में आयोजित अपने पिछले आईआईएमटीएफ की सफलता से आयोजक अभिभूत थे। इसने उन्हें इस गतिशील शहर में दूसरा आईआईएमटीएफ आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। कोविड नियमों का पालन कोविड–19 महामारी के कारण मेले के आयोजन में सावधानी बरती गई है। सरकारी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है जैसे सभी के लिए मास्क पर जोर देना सुविधाजनक स्थानों पर सैनिटाइजर के लिए पर्याप्त प्रावधान करना, सामाजिक दूरी बनाए रखना, आदि। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भारत में अपनी तरह सबसे पुराना और सबसे सम्मानित संस्थान है। चैंबर की उत्पत्ति 1833 से हुई



है। पिछले 188 वर्षों से चौंबर ने भारत में वाणिज्य और उद्योग के विकास को आगे बढ़ाते हुए एक संचालक के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई है। चैंबर एक शक्तिशाली प्रवर्तक है जो भारत में अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पैरवी करता है। जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स 27 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ भारत में व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों का एक प्रमुख और प्रसिद्ध आयोजक है। दरअसल, मौजूदा आई आईएमटीएफ उनका 230वां मेला है। भारत और विदेशों के 25000 से अधिक अद्वितीय उत्पादों के प्रदर्शन के साथ इन मेलों का आयोजन एक भव्य प्रदर्शनी माहौल में किया जाता है। आयोजक को निम्नलिखित श्रेणियों में प्रदर्शनी उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बिग शो b) ग्रेड शॉ बेस्ट डेब्यू विशाखापत्तनम के लिए इंडस्ट्री को लीडिंग लेडी मार्केटिंग इनिशिएटिव्स में लोडर १) लीडर इन ग्रीन इनिशिएटिव लीडिंग शो कंज्यूमर ) बेस्ट डेब्यू (ग्रेटर नोएडा के लिए) शीर्ष प्रदर्शक आगतुक मूल्य) अग्रणी शाफिटनस 82C प्रदर्शनी के लिए टॉप 8 सिटी शो (आईआईएमटीएफ भुवनेश्वर के लिए अग्रणी उपभोक्ता और हाउसवेयर शा) FITEXPO के आयोजन के लिए फिटनेस और खेल श्रेणी में अग्रणी शा पुरस्कार द लीडिंग शो 2019 में कोलकाता में आईआईएमटीएफ के आयोजन के लिए उपभोक्ता और हाउसवयर श्रेणी में 2019 में अहमदाबाद में आईआईएमटीएफ के आयोजन के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू शो लखनऊ में आईआईएमटीएफ में कुल मिलाकर 10 देश और 12 राज्य भाग लग दशा में शामिल है। अफगानिस्तान, मलेशिया, ईरान, थाईलैंड बांग्लादेश दुबई लेबनान, ट्यूनीशिया, सिंगापुर और भारत लखनऊ में यह मंगा इवेट निस्सदेह व्यापार के जबरदस्त अवसर प्रदान करता है। यह संयुक्त उद्यमी और क्रेता विक्रेता बैठक के अवसर सहित अन्य व्यावसायिक संभावनाओं के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। आइए और इस ऐतिहासिक व्यापार मेले में आए और इसे एक भव्य सफलता बनाए।

## कक्षा दो का छात्र कर रहा था शरारत, स्कूल संचालक ने छत से उल्टा लटका दिया, पुलिस ने हिरासत में लिया

मिर्जापुर ब्यूरो : यूपी के मिर्जापुर जिले के एक विद्यालय में मासूम छात्र के साथ बेरहमी का मामला सामने आया है। अहरौरा के सद्भावना शिक्षण संस्थान में बुधवार को शरारत करने की सजा के तौर पर स्कूल संचालक ने एक बच्चे को छत से नीचे उल्टा लटका दिया। इतने में बच्चे की हालत खराब हो गई। इस मामले की जानकारी होने पर डीएम ने बीएसए को जांच के लिए मौके पर भेजा। इसके बाद बच्चे का शोषण करने के आरोप में संचालक पर मुकदमा दर्ज किया गया। गुरुवार देर शाम उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इधर, विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अहरौरा के बूढ़ादेई मोहल्ले के अजीत सिंह यादव का पुत्र सोनू यादव अहरौरा के सद्भावना पब्लिक स्कूल में कक्षा दो का छात्र है। बुधवार को दोपहर में विद्यालय के कुछ बच्चे फुलकी खाने परिसर के बाहर गए थे। आरोप है कि वहां सोनू ने बच्चों से धक्कामुक्की की। कुछ बच्चों ने इसकी शिकायत स्कूल संचालक मनोज विश्वकर्मा से की। उन्होंने उसे समझाया, लेकिन बच्चा उनकी बात नहीं समझ सका। आरोप है कि इससे क्रोधित होकर स्कूल संचालक ने बच्चे को पकड़ कर विद्यालय भवन के बारजे से उल्टा लटका दिया। यह देख बच्चे काफी डर गए। सोनू के पिता का कहना है कि वह तो विद्यालय में थे नहीं।

# 'प्राथमिक विद्यालय हरईपुर जौनपुर'' में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021 तक सम्पूर्ण भारतवर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के प्रस्तावित आयोजनों के क्रम में आज 28 अक्टूबर 2021 को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में बच्चों के अधिकार विषय पर ''प्राथमिक विद्यालय हरईपुर जौनपुर'' में विधिक साक्षरता/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा चर्चा करते हुए बताया गया कि बच्चों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी मां बाप दोनों पर है। हर बच्चें को शिक्षा पाने का अधिकार, उत्तम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधायें पाने का अधिकार, हर बच्चे को अच्छा जीवन स्तर पाने का अधिकार है। जिसमें उसका पर्याप्त मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास हो सके। शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को विशेश देख–भाल, शिक्षा, प्रशिक्षण पाने का अधिकार है। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी चन्दन राय द्वारा बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र यादव द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में बताया गया। इस अवसर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा आभार प्रकट



किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रमों के अन्तर्गत महिला चिकित्सालय, रोडवेज पर पैम्फलेट चस्पा एवं वितरित कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जौनपुर जंक्शन पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर ''महिलाओं के कानूनी अधिकार'' की जागरूकता करायी गयी तथा जंक्शन पर स्थापित झण्डिज के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया। इसी अभियान के तहत जन–जन तक जागरूकता हेतु ग्राम स्तर एवं जनपद के सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक सेवा गतिविधियों की जागरूकता हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पीएलवीगण द्वारा ग्राम सभा हौज, डोमनपुर शाहगंज, चॉदपुर, कस्तूरीपुर सहित जनपद के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जिला प्रशासन के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुओं एवं अन्य सम्बन्धित द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की जिला बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक टी डी महिला पी जी कालेज में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी और मण्डल अध्यक्ष का वृत्त लिया और आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करवाई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जिसमें सभी वर्ग के लोगो को संगठन में आगे बढ़ने का मौका मिलता है और आगामी 2022 में उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार बने इसके लिए सभी लोगो को अपने–अपने बूथ पर भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं का प्रचार करना है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा के चुनाव में हम लोगो को पांचो विधानसभा में कमल खिलाने का काम करना हसि और हर बूथ पर पार्टी की योजनाओं का प्रचार करना हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सन्तोष सिंह, जिला मंत्री रविन्द्र सिंह, अभय राय, उमाशंकर सिंह, विजय लक्ष्मी साहू, राज पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सन्तोष मिश्रा, मण्डल प्रभारी गण सरदार सिंह, धनञ्जय सिंह, भूपेन्द्र सिंह, हरषु पाठक, हरगोविंद तिवारी, अजीत



प्रजापति, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, नरेंद्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, अजय सरोज, दिव्यांशु सिंह, मेराज हैदर, जिला संयोजक सदस्यता प्रमुख विनय सिंह, विनीत शुक्ला, विपिन द्विवेदी, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, मण्डल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, बलबीर गौड़, विनोद मौर्य, लवकुश सिंह, वंश बहादुर पाल, भोला सिंह, राम स्वारथ बिंद, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, मदन सोनी, राज केसर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, अजय मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, नरेंद्र विश्वकर्मा, शैलेश सिंह, संतोष गुप्ता, चंद्रेश गुप्ता, सुरेंद्र विक्रम सिंह, महेंद्र बिंद, दिलीप शर्मा मण्डल महामंत्री सुरेंद्र पाठक, विनोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## घनी आबादी में पटाखों की दुकानें दे रही अप्रिय घटना को दावत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दीपावली पर्व के नजदीक आते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पटाखों की दुकानों पर छापेमारी करना शुरू कर दिया परन्तु पुलिस की यह कार्यवाही बहुत ही शिथिल नजर आ रही है क्योंकि पुलिस के आने के पहले ही देर रात्रि को दुकानदारों द्वारा पटाखों की दुकानों से विस्फोटक सामग्री को हटा दिया गया था। पुलिस भी मौके पर पहुँच कर अपना कोरम पूर्ण कर वापस लौट गई। घनी आबादी में पटाखा बेचने से मना कर पाने में पुलिस अभी भी विफल साबित हो रही है। अभी भी दुकानदारों द्वारा सारे नियम कानून को ताक पर जौनपुर शहर मडियाहूं, मुंगरा बादशाहपुर, केराकत, बदलापुर जनपद में तमाम घनी आबादी वाले इलाके में बेधड़क पटाखों की दुकानें गुलजार हैं। जौनपुर शहर की बात किया जाए तो चहारसू, खोआ मण्डी की गली में अवैध पटाखा बनाने व बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। शायद पुलिस भी किसी अप्रिय घटना के घटने की प्रतिक्षा कर रही है कि कोई अप्रिय घटना हो तब इन पटाखों के दुकानदारों पर अपना डंडा चलाए। इन सभी इलाकों में पटाखों के बेचने का लाइसेंस देते समय भी सभी नियमों कानूनों की पूरी तरह से अनदेखी की गई है, नियमतः देखा जाए तो पटाखों की बिक्री के लिए फायर ब्रिगेड की एनओसी का होना, बारूद रखने का लाईसेंस, दुकान के पास कम से कम दो बाल्टी पानी व एक बाल्टी बालू का होना अनिवार्य होता है मगर पानी और बालू रखकर स्थानीय प्रशासन द्वारा कोरम पूरा करके लाइसेंस दे दिया जाता है, जबकि जिला प्रशासन द्वारा दीपावली से एक दिन पूर्व यह सुनिश्चित किया जाता है कि पटाखों की दुकान ऐसी जगह पर लगनी चाहिए जहाँ पर आबादी न हो और जगह भी खुली रहे, मगर पटाखों के शौकीन और पटाखों को बनाने वाले दीपावली से पूर्व ही भारी मात्रा में बारूद और पटाखों को खरीद कर रख लेते हैं जिस कारण हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं दुकानदारों की मानें तो लाइसेंस लेने के लिए हम को पहले मोटी रकम देने के साथ साथ प्रत्येक अधिकारी को काफी मात्रा में पटाखों के रूप में चढ़ावा भी देना पड़ता है तब सम्बंधित अधिकारी द्वारा लाइसेंस मिलता है। ऐसे में अगर दुकानदारों की बात पर यकीन किया जाए तो उनकी बातों से साफ जाहिर होता है कि हादसों के लिए सिर्फ दुकानदार ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि उस इलाके के प्रशासनिक अमला भी जिम्मेदार है।

## बसपा की हाथी छोड़ साइकिल पर सवार हो सकते हैं शैलेन्द्र साहू

जौनपुर ( जय प्रकाश तिवारी ) : नगर पालिका परिषद मुंगरा बादशाहपुर के निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद पर रनर रहे बसपा प्रत्याशी शैलेन्द्र साहू ने आज अपने फेसबुक वाल पर साईकिल पर सवार की पोस्ट डाली और लिखा कि शान की सवारी, साईकिल हमारी।पोस्ट पडते ही एक बार फिर से सपा में जाने की चर्चा हो रही है। चर्चा यहां तक है कि वो दीपावली के आसपास ही साइकिल पर सवार हो जाएंगे। हालांकि शैलेन्द्र साहू ने कहा कि मै बसपा मे ही हूं पर बेहताशा बढ रहे महगाई मे साईकिल ही शान की सवारी है। पूर्व में भी कई बार ऐसी चर्चा हो चुकी है कि शैलेन्द्र साहू बसपा की हाथी छोड़कर साइकिल पर सवार हो सकते हैं। यह चर्चा अक्टूबर 2020 से शुरू हुई जब मुंगरा बादशाहपुर की विधायक श्रीमती सुषमा पटेल उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी कि वो समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर रही है तभी से यह कयास लगाये जाने लगे कि शैलेन्द्र साहू भी विधायक सुषमा पटेल के साथ सपा मे जा सकते है।यदि ऐसा हुआ तो नगर मुंगरा बादशाहपुर के राजनीतिक समीकरण मे बडा बदलाव होगा। साथ ही साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो मे भी इसका असर देखने को मिल सकता है कारण कि शैलेन्द्र साहू स्वतंत्रता संग्राम अमर शहीद प्रयागराम साहू के प्रपौत्र है व साहू समाज के वर्तमान मे महामंत्री है



तथा एक ईमानदार, निडर, सौम्य, मिलनसार कुशल वक्ता, संघर्षशील, व साफ सुधरी स्वच्छ छवि के नेता कम समाजसेवी ज्यादा है।कोरोना काल के दूसरी लहर मे अजीत प्रताप सिंह की देवदूत वानर सेना से जुड़कर बहुतो की लगातार मदद कर कर रहे है।अब तक नगर में एकलौते विपक्ष की भूमिका निभा रहे है वे अपने बेबाकी अंदाज के लिए जाने जाते है।शैलेन्द्र साहू के व्यक्तित्व में शिष्टाचार और सर्वसमावेशिता कूट–कूट कर भरा है।सम्मान देने में चूकते नहीं वह विरोधी विचारधारा का भी सम्मान करते हैं बड़े बुजुर्गों के प्रति सदा आदर भाव रखते है सामाजिक सरोकारों में वह बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।लोगों के दुःख सुख मे बराबर शामिल होते रहे हैं।लोगों का मानना है कि शैलेंद्र साहू में दिवंगत राजनारायण जी का अक्स दिखता है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर जमीन/महगूपुर चौकियाधाम का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर जमीन/महगूपुर चौकियाधाम का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सी०एच०ओ० सुनचना मौर्या द्वारा कोविड वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा था उस समय तक 10 लोगों का टीकाकरण हो चुका था। निरीक्षण के समय फर्मासिस्ट प्रशांत कुमार तथा स्वीपर राहुल उपस्थित पाये गये। डा० रत्नेश कुमार मानसिक रोग के प्रशिक्षण के लिये वाराणसी में है। वार्ड ब्वॉय अमन मौर्या दो दिन से (27 एवं 28) अनपुस्थित चल रहे है अनुपस्थित के संबंध में अपना स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें। महगूपुर चौकियाधाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं थी उस समय तक तीन बच्चों का टीकाकरण किया गया था किन्तु एक भी गर्भवती महिला का टीकाकरण नहीं किया गया था जबकि आज का लक्ष्य 35 बच्चों तथा 10 गर्भवती महिला का टीकाकारण किया जाना था। माह सितंबर में ए०एन०एम० श्रीमती रंजना द्वारा एक भी टीकाकरण सत्र का आयोजन नहीं किया गया था उक्त लापरवाही को देखते हुये वार्ड ब्वॉय अमन मौर्या, ए०एन०एम० रजना का वेतन माह अक्टूबर का बाधित किया गया तथा निर्देशित किया गया कि उक्त टीकाकरणों में सुधार कर नियंत्रक प्राधिकारी / समुचित प्रधिकारी के माध्यम से अपना–अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें तभी वेतन आहरण पर विचार किया जायेगा।

# आंदोलन की भूख

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : सत्तारूढ़ दल नीतियों का समुचित आकलन करने में लापरवाही बरतने लगता है, किए गए कार्यों और क्रियाओं का समुचित विश्लेषण करने में कोताही बरतने लगता है, तब स्वभाविक तौर पर परिणाम आंकड़ों के प्रतिकूल फलीभूत होने लगते हैं। जनता असंतुलित और अनियंत्रित होकर बिना नाद के बैल की भांति हो जाती है। सभी एक–दूसरे को विभिन्न अपेक्षाओं और आशाओं से देखने लगते हैं। स्वयमेव आंखों के भाव में विवशता का समावेश होने लगता है। समावेशी नीतियों का अनुपूरक परिणाम सामान्य जीवन शैली को प्रभावित करने लगता है। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की दर और सरकार की कानों को कष्ट देने वाली वाहवाही से अनायास ही विक्षोभ उत्पन्न होता है। विचारों की तरंगों में उसका अस्तित्व पनपने लगता है। उसे उखेरने की तमन्ना तो हर कोई रखता है। लेकिन सभी रंगबाज नहीं हुआ करते हैं। जरूरत और समय के अनुसार अनुसरण करने वाला ही उस आक्रोश के अंकुरण को सींचता है। लोकसभा चुनाव 2009 में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की रह गुजर से जनता हलकान हो चुकी थी। लेकिन कोई अन्य विकल्प सामने नहीं दिखता था। जनता ने अनमने मन से कांग्रेस के पक्ष में ही मतदान किया और पुनः कांग्रेस एवं सहयोगी संगठनों की सरकार का गठन हो गया। परिवर्तन की कोई रेखा तब तक खींची हुई नजर नहीं आती थी। लेकिन समाज सेवक के रूप में किशन बाबूराव हजारे जिन्हें अधिकांश लोग अन्ना हजारे के नाम से जानते हैं, के द्वारा 16 अगस्त 2011 से कांग्रेस सरकार के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में धरना–प्रदर्शन और आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया। सूचना का अधिकार और जनलोकपाल विधेयक पारित नहीं होने तक धरना–प्रदर्शन निरंतर जारी रहा। अंततः सरकार के द्वारा दोनों विधेयक पारित किए गए। परंतु जनमानस की विचार गति सरकार के एकदम विरुध हो गई थी। परिणाम स्वरूप लोकसभा चुनाव 2014 में कांग्रेसी एवं सहयोगी दलों को मुंह की खानी पड़ी और नाम मात्र के रूप में बैठे विपक्ष ने सत्ता हासिल कर ली। भाजपा सरकार के गठन के बाद सत्ता पक्ष के उसी रवैया की पुनरावृति का वही अध्याय प्रारंभ हो गया। विकासशील राष्ट्र को विकसित करने के उतावलेपन और किसान मजदूर की अनदेखी धीरे–धीरे बड़ी लापरवाही का रूप धारण कर चुकी है। भाजपा नेतृत्व यदि आज मजदूर की दिहाड़ी ध1000 प्रतिदिन भी कर दें तो उसके विभित्सव अतीत से उसका पीछा छूटने वाला नहीं है। यदि अति आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि की जा सकती है तो मजदूरों को समतुल्य करने में क्या हर्ज है ? हालांकि, सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। धर्म और जातिवाद के मुद्दों में भूख और बेरोजगारी कोई मुद्दा ही नहीं रह पाता है। लेकिन धरनारत किसान और तीन कृषि कानून संसद और सरकार से जुड़ा हुआ एक जीवित मुद्दा है। किसानों की इतनी लंबी लड़ाई का कोई ना कोई मतलब जनता के जेहन में अपना घर कर चुका है। राकेश टिकैत के नेतृत्व में 11 महीने से अनरावत धरना–प्रदर्शन अपना काम कर चुका है। जनता विरोध की भावना की मूल तह लक नहीं भी पहुंच सकी हो, किंतु इतना अवश्य समझती है कि सरकार के विरुद्ध धरना–प्रदर्शन सरकार की नीति का पारितोषक हैं। यदि सरकार अब तीनों कृषि कानूनों को रद्द भी कर दे, तो भी परिणाम में परिवर्तन की संभावना कम नहीं आंकी जा सकती है। धरने में शामिल एक किसान का एक मजदूर से कैसा संबंध रहता है। यह सभी लोग आसानी से समझ सकते हैं। यह बात भी सही है कि सत्ता के दोषों का एकमात्र साधन विरोध है। विरोध करने के तरीके अलग हो सकते हैं, परंतु प्रत्येक दशा में सरकार के विरुद्ध आवाज बुलंद करना ही धरना–प्रदर्शन का मात्र एक उद्देश्य होता है। वहीं, लोकतंत्र में विरोध एक रामबाण शस्त्र है और विरोध जब आंदोलन बन जाता है तो उसकी भूख केवल सत्ता को निगलकर ही शांत होती है।

### समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने का दिया निर्देश

जौनपुर सू.वि. : भारत निर्वाचन आयोग ने अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2022 के आधार पर प्रदेश के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने का निर्देश दिया गया है, जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 01 नवंबर 2021 को, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 01 नवंबर 2021 से 30 नवंबर 2021 तक, विशेष अभियान तिथियां 07 नवंबर, 13 नवंबर, 21 नवंबर एवं 27 नवंबर 2021, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 20 दिसंबर 2021 तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 है। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों यथा–जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों इत्यादि को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि 01 नवंबर 2021 से 05 जनवरी 2022 तक के मध्य स्थानांतरित करने पर रोक लगा दी है।

# अपना घर आश्रम में असहायों को फिल्म अभिनेत्री ने परोसा खाना

वाराणसी ब्यूरो : पूर्व मिस इंडिया इंटरनेशनल और फिल्म अभिनेत्री ईशा गुप्ता गुरुवार को वाराणसी पहुंची। यहां आने के बाद वह सामने घाट स्थित अपना घर आश्रम पहुंची, जहां रहने वाले असहाय, आश्रयहीन और लावारिस लोगों के साथ उन्होंने बातचीत की। इसके अलावा यहां खाना परोस कर भी खिलाया। अपना घर आश्रम पहुंचने के बाद ईशा ने पहले हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया इसके बाद उनके साथ समय बिताया। ईशा ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी एक अदभुत जगह है और अपना घर आश्रम आकर मन को गजब का सुकून मिला है। कहा कि अपना घर आश्रम का नाम ही अपनत्व से भरा है। जिस तरह से अपने घर में सबका ख्याल रखा जाता है, ठीक उसी तरह अपना घर में भी देखभाल की जाती है। आश्रम के निरंजन कुमार ने बताया कि अपना घर में निशक्तजनों को लाकर उनका इलाज, देखभाल किया जाता है। अपना घर में आकर रहने वालों को प्रभुजी कह कर संबोधित किया जाता है। अपना घर आश्रम में रहने वाले लोगों के घर का माहौल देने के लिए समय–समय पर भजन–कीर्तन, गीत–संगीत के कार्यक्रम भी कराए जाते हैं। अब तक आश्रम के अपनों से मिलन अभियान के तहत अपना घर संस्था द्वारा 144 प्रभुजी को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है। फिल्म अभिनेत्री ईशा गुप्ता गुरुवार को वाराणसी पहुंची। सामने घाट स्थित अपना घर आश्रम में असहायों के बीच समय बिताया। आश्रम में रहने वाले लोगों को खाना परोस कर खिलाया।

# इस बार कोविड–19 व भीड़ को देखते हुए सीमित मात्रा में ही बनेंगे पास – सूचना विभाग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपर मुख्य सचिव सूचना डा0 नवनीत सहगल, मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल, आईजी जोन कविन्द्र प्रताप सिंह, सूचना निदेशक शिशिर सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय आदि द्वारा विशेष रूप से प्रारम्भिक दौर की बैठक में मीडिया कवरेज के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है।इसका मुख्य विषय है कि अयोध्या के महत्व को ध्यान में रखते हुये निर्धारित स्थलों पर कवरेज किया जायेगा।इसके साथ ही साथ राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये कोविड–19 के संक्रमण के फैलाव के दृष्टिगत रखते हुये सीमित संख्या में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के कर्मियों को मानक के अनुसार पास जारी किये जायेंगे।यह पास कार्यक्रम स्थल के अलग–अलग होंगे।सम्बंधित प्रतिनिधि को जहां जिस स्थल का पास जारी होगा उसी स्थल से मौके पर तैनात वरिष्ठ प्रशासन, पुलिस, सूचना आदि विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय से सुरक्षा मानको का सम्मान करते हुये कवरेज करने की अनुमति होगी।सम्बंधित कार्यक्रम का एएनआई द्वारा पूर्व की भांति सजीव प्रसारण की व्यवस्था होगी। सूचना निदेशक द्वारा अन्य संस्थाओं से भी कवरेज हेतु संवाद जारी है, जिसका निर्णय आने पर अवगत करा दिया जायेगा।इस बार पाँचवा भव्य दीपोत्सव 3 नवम्बर 2021 को होगा जहाँ मुख्य कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व सभी कार्यक्रम तैयारी सम्बंधी, रिहर्सल सम्बंधी 1 नवम्बर से शुरू हो जायेंगे।आम जनमानस की सुविधा के लिए पूरे शहर/नगर निगम क्षेत्र में लगभग 50 एलईडी वाल एवं एलईडी वैन के माध्यम से कार्यक्रमों का प्रसारण किया जायेगा। इन स्थलों से जनसामान्य अयोध्या में चल रहे सभी कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण उसी स्थल पर देख सकेंगे। उपरोक्त के अतिरिक्त सभी न्यूज चौनलों द्वारा भी लाइव प्रसारण किया जायेगा और लोग अपने घरो में रहकर भी अयोध्या के भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के सम्पूर्ण प्रसारण देख सकेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल रामकथा पार्क, सरयू आरती स्थल एवं राम की पैड़ी पर प्रशासन द्वारा निर्गत पास/कार्ड के अनुसार प्रवेश होगा। विशेष रूप से मीडिया कवरेज के लिए सूचना निदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित स्थलों पर सूचना विभाग के लखनऊ में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की डियुटी लगायी गयी है।इनकी लगभग संख्या 6 दर्जन के आसपास है। ये अधिकारी स्थानीय उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह (7080510637, 9453005405), नगर मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार सिंह (9454416111), रेजीडेन्ट मजिस्ट्रेट विपिन कुमार सिंह (9454416112), अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल (9454416100), अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह (9454401048), क्षेत्राधिकारी अयोध्या राजेश कुमार (9454401394), प्रभारी निरीक्षक अयोध्या अशोक कुमार सिंह (9454403296), अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारीध्वरिष्ठ लेखाकार अवधेश कुमार जायसवाल (9450333825) आदि के साथ समन्वय से निर्धारित स्थलों पर कवरेज करेंगे तथा मीडिया को सहयोग प्रदान करते हुये व्यवस्था करायेंगे।मीडिया की सुविधा के लिए विगत वर्षो की भांति अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय नयाघाट में मीडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है।यह मीडिया सेंटर 1 नवम्बर से मीडिया सेंटर सक्रिय हो जायेगा तथा वही से जिला प्रशासन अयोध्या द्वारा जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट, उपनिदेशक सूचना के संयुक्त हस्ताक्षर से सीमित संख्या में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये मीडिया कवरेज को दृष्टिगत रखते हुये पास जारी किया जायेगा।सूचना निदेशक के अनुसार सूचना निदेशालय से निर्गत मान्यता कार्ड के साथ वोटर आईडी, आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।इसके साथ ही साथ अपने संस्थान से निर्गत परिचय पत्र/प्राधिकार पत्र भी लाना आवश्यक होगा। कवरेज के लिए मुख्य रूप से मीडिया सेंटर के पास पर्याप्त मात्रा में एलईडी वाल लगाये जायेंगे साथ ही अन्य कार्यक्रम स्थलों पर मानक के सुरक्षा मानक के अनुसार एलईडी वाल लगाये जायेंगे। उपनिदेशक सूचना ने निदेशक की तरफ से यह भी बताया कि जिन चौनल या समाचार संगठनों के वरिष्ठ संवाददाता लखनऊ या दिल्ली से आयेंगे उनका स्थानीय संवाददाता सहयोग करें तथा मुख्य प्वाइंट पर वरिष्ठ सम्बंधित संगठन के प्रतिनिधि ही रहेंगे।कार्यक्रम के कवरेज हेतु मुख्य रूप से रामकथा पार्क, सरयू घाट, आरती स्थल, राम की पैड़ी, दीप प्रज्जवलन स्थल, रामकथा संग्रहालय मीडिया सेंटर और साकेत विद्यालय के मुख्य द्वार झांकी स्थल/झांकी के साथ चलने का मुख्य बिन्दु है। मीडिया के संगठनों को अपने–अपने प्रतिनिधियों का कार्यक्रम स्थल वार अलग–अलग बिन्दु के लिए शासन प्रशासन के निर्देशानुसार सीमित संख्या में पास जारी किये जायेंगे। किसी प्रतिनिधि को एक दूसरे स्थान पर भीड़भाड़ करने की अनुमति नही होगी, क्योंकि इस कार्यक्रम में विदेशी प्रतिनिधियों के अलावा अति विशिष्ट व्यक्तियों का जिसमें होटल आदि समूह से जुड़े हुये है लगभग 100 की संख्या में आ रहे है। इसलिए अयोध्या की परम्परा के अनुसार तथा पूर्व परम्परा को ध्यान में रखते हुये हमें मीडिया कर्मियों को भगवान रामलला की धरती पर पूरा सहयोग का अनुरोध है। जो मान्यता प्राप्त पत्रकार होंगे स्थानीय या लखनऊ के वे अपने मान्यता कार्ड जो सूचना निदेशक द्वारा जारी होता है उसके आधार पर एवं उसके साथ संलग्न परिचय पत्र के अनुसार किसी एक जगह पर कवरेज करेंगे। अलग–अलग स्थानों के लिए अलग–अलग सूची मण्डलीय सूचना कार्यालय द्वारा आज से बनायी जा रही है। यह सूची 30 अक्टूबर को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अंतिम रूप दिया जायेगा।इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एशियन नेटवर्क (ए0एन0आई0) द्वारा किया जायेगा तथा सूचना निदेशालय में दूरदर्शन से भी वार्ता हो रही है एक से दो दिन में इसकी सूचना दी जायेगी। सभी कार्यक्रम विभिन्न न्यूज चौनलों पर भी सजीव प्रसारण किये जायेंगे। इसलिए कार्यक्रम स्थल पर अपनी सुविधा को देखते हुये भीड़भाड़ नही करना है तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों के निर्देशों, अयोध्या के सुरक्षा मानको को ध्यान में रखते हुये करना अनिवार्य होगा। सूचना विभाग द्वारा व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से समय–समय पर कार्यक्रमों का फोटो, विडियो उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम दिनांक 1 नवम्बर से शुरू हो जायेगा जिसमें रामायण कांक्वेल का गुप्तारघाट में समापन, राम बाजार/फूट कोट का उद्घाटन, अगले दिन 2 नवम्बर का कार्यक्रम तथा 10 बजे साकेत विद्यालय से झांकी का रिहर्सल एवं शाम को राम की पैड़ी मे लाईट एण्ड साउण्ड का रिहर्सल तथा 3 नवम्बर को झांकी का 10 बजे से साकेत विद्यालय से प्रारम्भ होगी तथा रामकथा पार्क में मुख्य कार्यक्रम लगभग 3 बजे से प्रारम्भ होगा। सभी कार्यक्रमों की सफलता हमारे आम जनमानस एवं मीडिया कर्मी तथा साधु संतो के सहयोग पर निर्भर है इसलिए सभी से सहयोग की हार्दिक कामना करते हुये अनुरोध किया जा रहा है।

# ग्रामीणों द्वारा जो मुझे सम्मान दिया है उसका मैं उनका हमेशा आभारी हूं : राजेश्वर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कुदूपुर ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा जनप्रिय राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह (राज्यमंत्री स्तर)उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। स्वागत समारोह का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुधाकर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अपने स्वागत से अभिभूत मंत्री ने कहा की ग्रामीणों द्वारा जो मुझे सम्मान दिया है उसका मैं उनका हमेशा आभारी हूं ।मेरे द्वारा गांव में जो भी संभव हो सकेगा उसके विकास के लिए जरूर आवश्यक कदम उठाऊंगा। आज भी जो सम्मान प्यार स्नेह गांव के लोगों से मिलता है वह अन्य कहीं नहीं मिलता है। इसी कारण हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने ग्रामीण परिवेश को शहरी परिवेश में बदलने पर जोर दिया है। साथ ही गांव की जनता से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है।जितना भी संभव हो सक रहा है केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा ग्रामीण लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। मंत्री के सरल स्वभाव को देखकर एवं भाषण



को सुनकर सभी ग्रामवासी बहुत ही अभिभूत एवं गौरवान्वित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुधाकर सिंह ने कहा कि गांव की जनता पूरी तरह से प्रधानमंत्री जी के साथ हैं हम लोग आशा करते हैं कि गांव के विकास के लिए जितनी ज्यादा योजनाएं संचालित होंगी उससे गांव का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमर सिंह कैलाश नाथ सिंह मदन मोहन सिंह सुजीत कुमार सिंह मोनू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मेड़ पर पैर फिसलने से छोटी सरयू में गिरा किसान : डूबने से हुई मौत

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ के महराजगंज थाना क्षेत्र के देवारा जदीद में एक किसान की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लोगों को शुक्रवार सुबह हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महाजी देवारा जदीद गांव निवासी जीतू निषाद (50) पुत्र सुबई निषाद रोज की भांति गुरुवार रात में खाना खाकर अपने खेत की रखवाली करने जा रहा था। बीच में सरयू नदी की छोटी शाखा में मेड़ पर पैर फिसलने से वह पानी में गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने पानी में जीतू के शव को देखा। जिसकी सूचना जीतू के परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर परिजनों की मौजूदगी में शव को पानी से निकाल कर उनके घर लाया गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना स्थानीय पुलिस व राजस्व विभाग के टीम को दी गई। मौके पर पहुंची महराजगंज कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक खेती–किसानी कर परिवार की आजीविका चलाता था। मृतक की तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं।

# दीवाली पर्व पर सभी पटाखा विक्रेता करे कोविड–19 व अग्नि शमक मानक का पालन – सीएफओ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकाश का त्यौहार दीपावली पर्व पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ–साथ अग्निशमन विभाग भी पूरी तरीके से मुस्तैद दिखाई दे रहा है।इस दौरान हमेशा की तरह दीपावली पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने में अग्निशमन विभाग कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है।इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय ने नव भारत चेतना न्यूज चौनल व देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से एक खास मुलाकात में बताया कि सबसे पहले मैं अपने विभाग की ओर से पूरे जिले वासियों को आपके चौनल व देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के माध्यम से हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ।वही सभी जिले के लोगों से अपील करता हूं कि आप सभी इस पर्व को कोविड–19 नियम व जिला व पुलिस प्रशासन के साथ–साथ अग्निशमन द्वारा तय किए गए मानकों के नियम के तहत ही हर्षोल्लास पूर्वक तथा शांतिपूर्ण ढंग से मनाए।इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने बताया कि आतिशबाजी विक्रय हेतु दुकानदारों को 3 दिन की अस्थाई लाइसेंस सहित विस्फोटक अधिनियम 2008 की धारा 84 के तहत अग्निशमन विभाग द्वारा तय किए गए।जहाँ पर उनको मानक का भी पालन करना जरूरी रहेगा।उन्होंने बताया कि आतिशबाजी की बिक्री की अस्थाई दुकानें ऐसी जगह होनी चाहिए जहाँ पर ज्वलनशील सामानों का प्रयोग ना हो दुकाने,टेंट कनात कपड़े का प्रयोग नहीं होना चाहिए।उन्होंने बताया कि आतिशबाजी की दुकानों के बीच लगभग 3 मीटर की दूरी हो तथा एक समूह में 50 से अधिक दुकानें इसके साथ ही साथ जो भी दुकान हो वह आवास शैक्षिक संस्थान सभागार सिनेमाघर अस्पताल मार्केट दुकानें फैक्ट्री पूजा के स्थान रेलवे लाइन हाईवे जगह पर ना लगाई जाए।इसके साथ–साथ खतरनाक पदार्थों के भंडारण ओवरहेड हाई टेंशन लाइन से कम से कम 50 मीटर की दूरी भी होनी चाहिए।इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने बताया कि आतिशबाजी की बिक्री की दुकाने आमने सामने नहीं होना चाहिए और



इसके साथ ही साथ 18 वर्ष से कम के बच्चों को इस कार्य में नहीं लगाया जाए।वही समूह के सभी दुकानों की विद्युत वायरिंग पाइप में सर्किट ब्रेकर के साथ की जाए तथा आपूर्ति एक साथ काटने हेतु एक मेन स्विच अलग से लगाया जाए।उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील किया कि दुकानों के भीतर धूम्रपान पर पूर्णता प्रबंधित रखें तथा दुकान में फ्लेमप्रूफ लाइटे प्रयोग की जाएंगी केरोसिन मोमबत्ती आदि भंडारण एवं विक्रय के समय ना लाया जाए। इसके साथ ही हाइलोजन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि दुकान में आतिशबाजी के अतिरिक्त अन्य सामानों का विक्रय कतई नहीं किया जाए प्रत्येक दुकान में ए बी सी डी सी पी टाइप फायर एक्सटिंग्विशर क्षमता 5–4 किलोग्राम कम से कम से कम एक पानी से भरा हुआ ड्रम, व चार बाल्टी बालू कम से कम होना चाहिए।वहीं इस बार उन्होंने बताया कि बड़े बम मिसाइल व चाइनीज पटाखों का विक्रय किसी भी तरीके से नहीं किया जाएगा उन्होंने इस मौके पर बताया सभी दुकानदार अपनी दुकान पर धूम्रपान निषेध का बोर्ड लगाये।वहीं इसी कड़ी में उन्होंने कहा एक ओर सभी जनपद वासियों को दीपावली पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं वहीं दूसरी तरफ सभी लोगों को चेताया भी है कि अन्य सामान मानक के अनुसार ही लोग अपनी–अपनी दुकानें पर लगाएं अवैध रूप से पटाखा का भंडारण न करें अवैध रूप से पटाखा का क्रय विक्रय ना हो अगर कोई इस तरीके से करता पाया गया तो अग्निशमन विभाग उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही भी करेगी।

# बीस नवंबर तक की गई गेहूं की बुवाई से मिलता है अधिकतम उत्पादन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में गुरूवार को कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उनके समिति कक्ष में सीमीट के डॉ आर के मलिक, वरिष्ठ शस्य वैज्ञानिक तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक प्रसार डॉ ए पी राव, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको सहित इस बैठक में ऑनलाइन प्रदेश के समस्त कृषि विश्वविद्यालय, अटारी कानपुर के निदेशक डॉ अतर सिंह, इरी, वाराणसी के निदेशक, डॉ सुधांशु सिंह , कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश विवेक सिंह, 23 जनपदों के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, इफ्को, एनएफएल ,आईटीसी, बायर आदि के साथ संयुक्त बैठक गेहूं, मक्का एवं चावल पर अब तक प्राप्त अनुसंधान के परिणाम एवं उसके सुधार हेतु मंथन एवं चर्चा की गई । बैठक में सीमीट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आर के मलिक द्वारा अब तक किए गए शोध एवं परीक्षणों के परिणाम को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि माह नवंबर के प्रथम सप्ताह से अधिकतम 20 नवंबर तक की गई गेहूं की बुवाई से अधिकतम उत्पादन प्राप्त होता है ,जब कि इससे देर होने पर उत्पादन क्षमता घटती है तथा यह भी देखा गया है कि यदि गेहूं की चौथी सिंचाई नहीं की गई है तो भी दाने कमजोर तथा पतले होने से पैदावार घट जाती है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि रबी मौसम में संस्तुति के अनुसार दी गई फास्फोरस एवं पोटाश की मात्रा के बाद खरीफ में कम फास्फोरस ,पोटाश की मात्रा प्रयोग करते हैं तो रबी में प्रयोग किए गए उर्वरक के अवशेष मात्रा की उपलब्धता से भी अच्छी फसल प्राप्त की जा सकती है कुलपति डॉं सिंह ने डॉ मलिक द्वारा अपने अनुभवों एवं बैठक में उभरे विभिन्न बिंदुओं पर समस्त विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि संबंधित संस्थाओं द्वारा विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्र में परीक्षण कर प्राप्त परिणामों के अनुसार किसानों हेतु संस्तुति तैयार करने की रणनीति बनाने पर बल दिया, तथा विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ ए पी राव को निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी इसका परीक्षण कराया जाए।

# घर से बुलाकर 24वर्षीय युवक की हत्या : 5 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बुधवार की रात 24 वर्षीय युवक की उसके दोस्तों ने ही पीट–पीट कर हत्या कर लाश को सड़क के किनारे फेंक दिया मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 5 लोगों के विरुद्ध हत्या समेत कई धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है । घटना स्थल का एसएसपी शैलेश पांडेय ने दौरा कर थाना प्रभारी से आरोपियों को जल्दद पकड़ने का निर्देश दिया । कुमारगंज थाना क्षेत्र के थमथुआ गांव के पूरे बजनूं गांव निवासी सूरज उर्फ पुत्तन पुत्र राम तौल लकड़ी के ठेकेददारी का काम करता था । उसके गांव के ही उसके दोस्त शिवम ,ओंकार, आदर्श सिंह ,मनीष सिंह व अन्नू का एक–दो दिन पूर्व मृतक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था । घटना की रात को लगभग 9 बजे उक्त लेगो ने मृतक के घर पहुंच कर उससे बातचीत की तथा उसे लेकर अपने साथ चले गए । अगले दिन पुत्तन की लाश गांव से करीब 200 मीटर दूर सड़क के किनारे पड़ी मिली शरीर पर कई जगह चोट के निशान दिखाई पड़ रहे थे । सुबह किसी राहगीर की नजर उस पर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दी । मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने पहुंचकर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की तथा लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की हत्या की सूचना गांव में पहुंचते ही मृतक के स्वजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए। मृतक के पिता रामपाल की तहरीर पर पुलिस ने गां ओकार निवासी बवां शिवम निवासी पुरे बजनू धमथुवा , आदर्श सिंह निवासी बवां , मनीष सिंह उर्फ रवि सिंह पुनिवासी बवां व अनुराग निवासी बवां गांव के विरुद्ध हत्या व एसएसटी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया । थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नामजद आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# सपा कार्यालय पर आयोजित खेल प्रतियोगिता व सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के स्पोर्ट्स विंग के प्रभारी हसनउद्दीन सिद्धिकी का स्पोर्ट्स यात्रा का जौनपुर आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय आयोजित खेल प्रतियोगिता में व सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वहीं उन्होंने कहा की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने खिलाड़ियों प्रोत्साहन देने का काम किया उन्होंने खिलाड़ियों को यश भारती सम्मान दिया था और उसमें 11लाख धनराशि भी दी जाती थी उन्होंने उत्तर प्रदेश में इकाना जैसा स्टेडियम को बनाकर उन्होंने यह साबित कर दिया खेल के प्रति समाजवादी पार्टी हमेशा कटिबद्ध है और खिलाड़ियों को लगातार उनके सुख सुविधाओं और स्पोर्टस संबंधित सामान को निशुल्क देने का काम किया लेकिन वही भाजपा की सरकार ने इन सब प्रोत्साहन को बंद करने का काम किया आज जो खिलाड़ी हमारे प्रदेश और देश में है अगर उनको सरकार बढ़ावा देती तो आज उत्तर प्रदेश के बहुत अच्छे अच्छे खिलाड़ी देश लेवल पर भारत का नाम रोशन करते लेकिन सरकार इन सब सुविधाओं पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है कहा खिलाड़ियों आप तैयार हो जाइए अपने खेल के साथ साथ 2022 में भाजपा के सरकार को 0 पर बोल्ड करने की



जरूरत है उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने मन बना लिया है अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर ही खिलाड़ियों का प्रोत्साहन और सम्मान वापिस पाया जा सकता है अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक अरशद खान गुलाब सरोज श्याम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी विजय बागी संजीव साहू रमापति यादव श्रवण जयसवाल हीरालाल विश्कर्मा डां शरफराज,अनवारुल हक,गप्पू मौर्या शेखु खाँ,शिवजीत यादव भानु प्रताप मौर्य रजनीश मिश्रा कमालुद्दीन अंसारी साजिद अलीम माला शुक्ला आरीफ हबीब सत्यनारायण चौहान गोलू जयसवाल,उषा यादव सोनी यादव राजा समाजवादी धर्मेंद्र सोनकर आशिफ शाह, अजीज फरीदी, आदि लोग उपस्थित हैं।

# छात्रवृत्ति के आवेदन करने से छूटे स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर : यूपी सरकार ने दिया एक और मौका

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : उत्तर प्रदेश सरकार ने चुनावी माहौल में छात्रवृत्ति के जल्द वितरण के साथ ही छूटे हुए छात्र–छात्राओं को आवेदन का एक और मौका दिया है। दूसरे चरण में दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आनलाइन आवेदन 29 अक्टूबर से 30 नवंबर तक भरे जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने चुनावी माहौल में छात्रवृत्ति के जल्द वितरण के साथ ही छूटे हुए छात्र–छात्राओं को आवेदन का एक और मौका दिया है। दूसरे चरण में दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आनलाइन आवेदन 29 अक्टूबर से 30 नवंबर तक भरे जा सकेंगे। बचे सभी छात्र–छात्राएं छात्रवृत्ति के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। तीन दिसंबर तक संस्थाएं आवेदन पत्र को आगे बढ़ाएंगी। इसके बाद जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति इनका परीक्षण करेगी। इन छात्र–छात्राओं के बैंक खाते में 28 दिसंबर तक छात्रवृत्ति की धनराशि भेज दी जाएगी। दरअसल, अगले वर्ष की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज कल्याण विभाग को गरीब छात्र–छात्राओं की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति देने के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया था। इसके लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। इसमें करीब 30 लाख छात्र–छात्राएं ही आवेदन कर सके हैं। अभी भी करीब 20 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं ऐसे हैं जो विभिन्न कारणों से छात्रवृत्ति के फार्म नहीं भर सके हैं। ऐसे ही छात्र–छात्राओं को सरकार एक और मौका देने जा रही है। प्रमुख सचिव समाज कल्याण के रविन्द्र नायक ने बताया कि बीएड, डीएलएड, आइटीआइ, पालीटेक्निक, फार्मेसी सहित अन्य पाठ्यक्रमों में काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया चलने के कारण विश्वविद्यालयों व तकनीकी कालेजों में दाखिले पूरे नहीं हुए हैं। अभी कई कक्षाओं का परिणाम नहीं आया है, इस कारण भी अगली कक्षाओं में प्रवेश नहीं हुए हैं। इसलिए छात्रवृत्ति के आनलाइन आवेदन के लिए विशेष समय दिया जा रहा है। इस दौरान बचे हुए सभी छात्र–छात्राएं छात्रवृत्ति के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। पूर्व दशम छात्रवृत्ति के लिए 29 अक्टूबर से 19 नवंबर तक आवेदन : पूर्व दशम छात्रवृत्ति के भी छूटे हुए छात्र–छात्राएं 29 अक्टूबर से 19 नवंबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सारी औपचारिकताएं निभाते हुए इन छात्र–छात्राओं के खाते में 27 दिसंबर तक छात्रवृत्ति भेज दी जाएगी।

# दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेसः–ईश्वरदास जायसवाल

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ईश्वरदास जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ रही है। आम आदमी का संवैधानिक अधिकार भाजपा सरकार ने छीन लिया है 70 साल की गाढ़ी कमाई अपने कुछ पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए भेजी जा रही है। श्री जायसवाल ने शगुन मैरिज हॉल गोसाईगंज कांग्रेस के तमाम नेताओं के साथ मीटिंग किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन से अब 80 के दशक का वातावरण बनते दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार के प्रति अविश्वास जताते हुए गंभीर टिप्पणी की है कोर्ट ने पेगासस फोन टैपिंग मामले में 3 सदस्य कमेटी बनाकर जांच कराये जाने की बात कही है उन्होंने महिलाओं के आरक्षण पर को 7 वर्षों में बेचने का काम किया है।महंगाई से हर वर्ग करा रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी की प्रतिज्ञा यात्रा सरकार बनने में हर हाल पूरा किया जाएगा।महिलाओं को चुनाव में 40% की हिस्सेदारी छात्रों को स्मार्टफोन वाई स्कूटी किसानों का कर्ज माफ 20 लाख रोजगार, पेंशन योजना लागू करने जैसी कई प्रतिज्ञाएं की हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हर परिवार में कोई न कोई युवक पढ़ा लिखकर परिवार पर बोझ बना हुआ बैठा है। रोजगार देने के लिए दावे दम तोड़ रहे हैं परिवार के लोक लाज को देखते हुए उनके भरण–पोषण के लिए कोई ऑटो या ई रिक्शाचला रहा है तो कोई ठेले पर चार्ट सब्जी और फल आदि भेज रहा है कोई कोचिंग आज की व्यवस्था से जुड़ा हुआ है।महंगाई अपना सीना चौड़ा किये ठहाके मार रही है दिन भर की कमाई रोजमर्रा के खर्च के सामने घुटने टेक दे रही है लोग कर्जदार होते जा रहे हैं कार्यालयों में छोटे से छोटा काम बिना घूस दिये होने वाला नहीं है वरना आप सिर्फ साहब के सामने के गिड़गिड़ाते रहेंगे। जिसका किस्सा घूस लेने वा देने का समय समय पर वायरल होता वीडियो स्वयं बयां करता है।सोना चांदी शिक्षा दवाएं किराना सब्जियां तेलहन बिल्डिंग मटेरियल के अलावा किराया भाड़ा अन्य सभी वस्तुएं महंगाई के दौर से गुजर रही है।पेट्रोल डीजल और गैस के दाम आसमान छू रहे हैं पेट्रोल रु.106 डीजल रु.97 लीटर बिक रहे हैं देश के पीएम मोदी कभी बढ़ती महंगाई कुछ नहीं बोलते हैं यही हाल सीएम योगी का भी है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक सिंह, अकबाल अंसारी,अहमद कुरैशी, नगर अध्यक्ष अशोक चौरसिया, हृदय नारायण मिश्रा, सौरभ सिंह, आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता, कौलेश गुप्ता, जौवाद हुसैन आदि सैकड़ों कांग्रेसी नेता शामिल रहे।

# किसानों के आंदोलन एवं उनके हक अधिकार को कुचलने का काम कर रही है भाजपा सरकार–जय सिंह

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : किसानों के आंदोलन एवं उनके हक अधिकार को कुचलने का काम कर रही है भाजपा सरकार, आज जब किसान और नौजवान अपने हक की मांग करता है तो उसके ऊपर गाड़ियां चढ़ाई जाती हैं, लाठियां बरसाई जाती, जेल भेजा जाता है समाजवादी पार्टी किसानों और नौजवानों के साथ खड़ी है उनके हक और अधिकार की लड़ाई हमेशा लड़ती रहेगी यह उदगार युवजनसभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव ने आज बीकापुर तहसील पर महामहिम राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी बीकापुर के प्रतिनिधि तहसीलदार राजेश वर्मा को सौंपते हुए कहीं ।मांग पत्र में प्रमुख रूप से बरसात के कारण किसानों की नष्ट फसलों का उचित मुआवजा, एनपीके डीएपी खाद की कीमतों में हुई मूल्य वृद्धि की वापसी, डीजल पेट्रोल गैस की मूल वृद्धि की वापसी, धान की कीमत ₹30 प्रति किलोग्राम व गन्ने की कीमत ₹450 प्रति कुंतल किए जाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराये जान, सांडों के हमले से मृतक किसानों के आश्रितों की 1 करोड़ आर्थिक मदद। जय सिंह यादव ने बताया कि किसानों एवं आम जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो हम सभी नौजवान इस लड़ाई को और भी तेज करने का काम करेंगे। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट आबाद अहमद, एडवोकेट बृजेश यादव, जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव ,जेपी यादव, दीपक यादव, सोनू वर्मा, प्रदेश सचिव अरुण शुक्ला, बजरंग उपाध्याय, राघवेंद्र यादव, संजय यादव, राहुल मौर्य ,मोहम्मद नदीम, विजय बहादुर यादव, विजय यादव, अजीत निषाद, विकास तिवारी, मोहम्मद आदिल, अफजाल हुसैन, रामतेज यादव, अमित वर्मा, ओम प्रकाश यादव, गोविंद यादव, कमला प्रसाद वर्मा, आदित्य सिंह, सूरज, अखिलेश यादव ,रामनाथ कोरी, राजकुमार यादव ,सावेज हुसैन, धर्मेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# कुमारगंज रेंज में धड़ल्ले से हो रही हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कुमारगंज वन रेंज में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। वन कर्मियों एवं स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से लकड़ कट्टे हरे भरे पेड़ों पर बिना परमिट के दिनदहाड़े आरा चला रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद भी वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और पुलिस कर्मी अपने संरक्षण में पल रहे लकड़ी ठेकेदारों पर कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना कुमारगंज अन्तर्गत पुलिस चौकी देवगांव क्षेत्र के घोड़वल प्राथमिक विद्यालय से लगभग 200 मीटर दूरी पर प्रतिबंधित हरा–भरा महुआ का पेड़ काटा जा रहा है। बीते एक सप्ताह के अंदर आधा दर्जन से अधिक हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ काटे गए हैं। गुरुवार को रघोड़व गांव निवासी पेड़ मालिक अजय पांडे पुत्र हेमराज पांडे, राघव राम पांडे, राहुल पांडे, देशराज पांडे के बाग में हरे भरे विशालकाय महुआ के पेड़ का अवैध कटान चल रहा था इसकी शिकायत ग्रामीणों सहित सह खातेदार लोगों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस पीआरबी टीम सहित कुमारगंज वन क्षेत्राधिकारी तक को दिया किंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के कान में जूं नहीं रेंगी और लकड़ी ठेकेदार अमीन तथा नियाज मौके पर खड़े होकर मजदूरों से हरे–भरे विशालकाय महुआ के पेड़ की अवैध कटान कराते रहे। इस संबंध में जब वन क्षेत्राधिकारी आरपी सिंह से जानकारी की गई तब उन्होंने कहा कि अभी 3 दिन पूर्व प्रतिबंधित पेड़ की काटी गई लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली समेत पकड़ कर रेंज कार्यालय लाई गई थी जिसे जुर्माना करने के उपरांत ही छोड़ा गया है ।हालांकि अवैध कटान के मामले को दिखावा कर कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार से हरे पेड़ों की अवैध कटान के मामले में केवल लकड़ी ठेकेदारों पर जुर्माना ठोक कर विभाग पल्ला झाड़ लेता है और जिम्मेदार अधिकारी अपने अधीनस्थों पर मेहरबान हो जाते हैं काश उनके भी विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही हो जाए तब शायद हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान रुक सकती है।

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मोर्चा की बैठक संपन्न

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मोर्चा की बैठक संपन्न हुई बैठक में मंडल अध्यक्ष प्रसून लता जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में महिला मोर्चा की महामंत्री सुमन पासवान जिला उपाध्यक्ष विनीता मोदनवाल जिला मीडिया प्रभारी करुणा पांडे मंडल अध्यक्ष अशोक मौर्य उपस्थित रहे बैठक में जिला महामंत्री सुमन पासवान में अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं का बहुत विकास किया है और महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और लोगों को जोड़ने का काम करना चाहिए जिला मीडिया प्रभारी ने अपने उद्बोधन में कहा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास अगली बार भाजपा सरकार बैठक में अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र भेंट किया गया।

# बीकापुर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के दिशानिर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश, फैजाबाद ज्ञान प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद श्रीमती रिचा वर्मा द्वारा तहसील परिसर बीकापुर, अयोध्या में महिलाओं को विधिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जहां राष्ट्रीय महिला आयोग की अयोध्या प्रतिनिधि अधिवक्ता श्वेता राज सिंह वा तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।इसके अलावा रेलवे स्टेशन फैजाबाद पर पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा झप्ेझ (स्टॉल) लगाकर महिला अधिकारों व उनके संरक्षण से संबंधित प्रावधानों को दर्शित करते हुए बैनर लगाकर विधिक टोल फ्री नम्बर– उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण– 18004190234, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (फ्रन्ट ऑफिस)– 7318055786 / 7458817333,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद– 05278226850 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण– 15100, महिला हेल्प लाइन– 1090 को प्रदर्शित करते हुए। जनसामान्य को विधिक रूप से जागरूक किया गया तथा उक्त झप्ेझ (स्टॉल) पर नियुक्त पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी गयी।इसी के अनुक्रम में तहसील विधिक सेवा समितियों व पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा गावों में शिविर लगाकर जनसामान्य को जागरूक किये जाने हेतु विभिन्न शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आज दिनांक 28.10.2021 को अमृत महोत्सव डोर–टू–डोर प्रोग्राम कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा कुल 61 ग्राम सभाओं में जाकर 100342 लोगों को विधिक जानकारी दी गयी एवं 56 ग्राम सभाओं में शिविर लगाकर 84919 लोगों को सरकार एवं न्यायालय द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कुल 35 बंदियों को विधिक सहायता प्रदान की गयी।

# करंट लगने से 18 वर्षीय युवक की मौत, विधायक ने परिजनों को बंधाया ढाँढस

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : विधान सभा क्षेत्र रुदौली के ग्राम पंचायत रसूलपुर में एक युवक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। बुधवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र के असन्दरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रसूलपुर में शिवा निषाद पुत्र राम सुरेश निषाद उम्र 18 वर्ष की बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।बताया जाता है कि शिवा पंखे का स्विच आन कर रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।परिवार का इकलौता लड़का था।परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र यादव तत्काल मृतक के गांव रसूलपुर पहुँच कर परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया।इस दौरान विधायक ने परिवार पर असहनीय दु:ख को देखकर खुद के आंसू नही रोक पाए।विधायक ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल शर्मा,कुलदीप मौर्या,राम सुरेश गुप्ता प्रधान,महेश यादव बीडीसी,विजय कोटेदार,देवीदीन सहित ग्रामीणों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# जनकल्याण हेतु विप्र सेवा संघ महिला इकाई द्वारा किया गया सुंदरकांड

रीवा ब्यूरो : विप्र सेवा संघ नारी शक्ति प्रकोष्ठ द्वारा शिवाजी पार्क तिलक नगर मॉडल स्कूल के पास शिव मंदिर में जनकल्याण हेतु देवो




के देव महादेव के चरणों में सुंदरकांड पाठ के माध्यम से अर्जी लगाई गई,व ईश्वर से ये मान मनौती की गई कि सभी स्वस्थ व सुखी रहें। विप्र सेवा संघ की महिला इकाई स्वयं को गौरवान्वित महसूस करती है जब उन्होंने विंध्य की एकमात्र मानस मर्मज्ञ आदरणीया डॉ ज्ञानवती अवस्थी जी को विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया ।इसी श्रृंखला में साहित्यकार श्री प्रदीप गौतम 'सुमन' समाजसेवी सुनीता भार्गव व वंदना द्विवेदी जी को भी सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में सुंदर कांड का संगीतमय पाठ रीवा की एकमात्र भक्तिमय पाठ करने वाली शारदा संगीत मंडली जिसकी सूत्रधार अनिता उपाध्याय द्वारा किया गया,जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया व पूरे वार्ड वासी भक्तिमय हो उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला ,राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आरती तिवारी ,राष्ट्रीय सहसचिव श्रीमती पुष्पा शर्मा ,सुनीता भार्गव वंदना द्विवेदी डॉ ब्रह्मश्री तिवारी,शीतल पाठक,डॉ प्रियंका तिवारी, आराधना, अभिषेक मिश्रा ,विवेक त्रिपाठी, दीपक शुक्ला, विष्णु शर्मा,उमाकांत तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।